संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।



04 अप्रैल: जब रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी छोड़ा

पूर्णिया , शनिवार 4 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 356

## पुडुचेरी में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य रोड शो, एनडीए के समर्थन की अपील, विपक्ष पर 'डब्ल्यूईएके' टिप्पणी से हमला

### एन. रंगासामी सरकार की योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास की सराहना की गई

**नई दिल्ली/पुडुचेरी,** (हि.स.)। नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पुडुचेरी में भव्य रोड शो कर आगामी 09 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने गठबंधन सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए जनता से एक बार फिर अवसर देने की अपील की।



**शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग में विस्तार :** प्रधानमंत्री ने जिपमर के कैंसर केंद्र के आधुनिकीकरण, एनआईटी कराईकल में नए ब्लॉक और पांडिचेरी विश्वविद्यालय में आधारभूत संरचना के विकास की चर्चा की। साथ ही, करासूर-सेदारापेट औद्योगिक क्षेत्र में फार्मा, टेक्सटाइल और आईटी पार्क के विकास से निवेश और रोजगार के नए अवसर बनने की बात कही।

**विपक्ष पर 'डब्ल्यूईएके' हमला**

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उनके पास पुडुचेरी के विकास का कोई स्पष्ट विजन नहीं है। उन्होंने "WEAK Puducherry" की अवधारणा बताते हुए कहा कि यह खराब शासन, विकास में रुकावट, जनता के खिलाफ नीतियों और अर्थव्यवस्था को नुकसान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पुडुचेरी को केवल "एटीएम" की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। अंत में प्रधानमंत्री ने जनता से अपील की कि वे एनडीए को समर्थन देकर पुडुचेरी के विकास की गति को बनाए रखें और राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

**विकास कार्यों की गिनाई**

**उपलब्धियां :** मोदी ने मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत किया गया है, रोजगार के अवसर बढ़ाए गए हैं और युवाओं व किसानों के हित में कई योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने ई-बस सेवा, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया।

**रोड शो में उमड़ा जनसैलाब**

प्रधानमंत्री के रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली। खासकर महिलाओं और युवाओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए इसे "शानदार" बताया और जनता के उत्साह को विकास के प्रति विश्वास का संकेत बताया।



**'बेस्ट पुडुचेरी' विजन पर जोर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता ने "BEST Puducherry" के विजन को आगे बढ़ाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का लक्ष्य पुडुचेरी को मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें हर वर्ग के लोगों को समान अवसर मिल सके।

---

**काठमांडू में 17 करोड़ से अधिक का क्रिप्टो कारोबार करने में चीनी नागरिक गिरफ्तार**

**काठमांडू,** (हि.स.)। काठमांडू पुलिस ने 17 करोड़ 79 लाख रुपये से अधिक की क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के आरोप में एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है।

काठमांडू जिला पुलिस के अनुसार गिरफ्तार 35 वर्षीय चीनी नागरिक झू यी फेंग काठमांडू के ठमेल में रह रहा था। उसने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नेपाली नागरिकों को लालच देकर अपने विश्वास में लिया और उनके बैंक खातों का उपयोग करते हुए ठगी की। इसी रकम को वह क्रिप्टो करेंसी में बदलकर कारोबार करता था।

काठमांडू के पुलिस प्रवक्ता एसपी पवन भट्टराई ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर जिला पुलिस काठमांडू की टीम ने उसे ठमेल से गिरफ्तार किया। उसके पास से नेपाली 17 करोड़ 79 लाख 70 हजार 371 रुपये के बराबर की क्रिप्टो करेंसी, 3 मोबाइल फोन और "इंटरनल एक्सप्रेस" लिखे हुए धन प्रेषण से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए।

एसपी भट्टराई ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार खिलाफ काठमांडू जिला अदालत से 5 दिन की रिमांड बढ़ाने की अनुमति लेकर आगे की जांच की जा रही है।

---

## गरीब व मध्यम वर्ग को बेहतर यात्रा सुविधा देना रेलवे की प्राथमिकता : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** (हि.स.) अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब और मध्यम वर्ग को सुरक्षित, सुलभ और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।



□ रेलवे के पिछले वर्ष के प्रदर्शन की सराहना—दुर्घटनाओं में कमी और रिकॉर्ड माल ढुलाई

**बेहतर प्रदर्शन और उपलब्धियां :** रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने पिछले वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने बताया कि रेल दुर्घटनाओं में ऐतिहासिक कमी, रिकॉर्ड माल ढुलाई और त्योहारों के दौरान विशेष ट्रेनों का सफल संचालन भारतीय रेलवे की छवि को मजबूत करता है। समयपालन में 85 प्रतिशत से अधिक का स्तर बनाए रखना भी एक बड़ी उपलब्धि है।

**यात्री सुविधाएं और विकास कार्य :** मंत्री ने स्टेशनों की साफ-सफाई, आधुनिकीकरण और भीड़ प्रबंधन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज करने, अंडरपास निर्माण को बढ़ावा देने और यात्री सुविधाओं के लिए आवंटित धन के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। साथ ही, ट्रैक किनारे रहने वाले लोगों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की बात कही।

---

## चुनाव 26 : प. बंगाल में कर्तव्य में लापरवाही पर संयुक्त बीडीओ एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी निलंबित

**कोलकाता,** (हि.स.)। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में पूर्व बर्दवान जिले की संयुक्त खंड विकास अधिकारी सह सहायक रिटर्निंग अधिकारी ज्योत्स्ना खातून को निलंबित करने का आदेश दिया है। खातून खंडघोष विकास खंड में पदस्थापित थीं।





**तत्काल निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश :** निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा ने राज्य के मुख्य सचिव दुश्यंत नारियाला को भेजे निर्देश में कहा है कि संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए। साथ ही आयोग ने 4 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

**तबादलों को लेकर आयोग की सफाई :** आयोग ने स्पष्ट किया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उसके द्वारा किए गए तबादले सीमित हैं। आयोग के अनुसार, 27 अक्तूबर 2025 से 16 मार्च 2026 के बीच राज्य सरकार ने 1370 अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया था।

**निष्पक्ष चुनाव के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कहा कि 294 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त कराने के लिए आयोग 'शून्य सहनशीलता' की नीति पर काम कर रहा है।

---

## ईरान ने अमेरिका के रडार सिस्टम और नौसैनिक उपकरणों को किया नष्ट



**तेहरान,** (हि.स.)। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिका और इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के अनुसार, इन हमलों में रडार सिस्टम, नौसैनिक उपकरण और हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया।

आईआरजीसी का कहना है कि बहरीन के रडार साइट और हाइफा स्थित इजराइली एयरबेस को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने इन दावों की पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि हाल ही में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

---

## तमिलनाडु चुनाव-2026: भाजपा ने 27 सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी को अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेतृत्व वाले गठबंधन में 27 सीटें मिली हैं।

जारी सूची के अनुसार मायलापुर से तमिलिसाई सौंदरराजन, कोयंबटूर उत्तर से वानथी श्रीनिवासन और अविनाशी (आरक्षित) से केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. वेलमुरुगन को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा मोडक्कुरिची से कृतिका शिवकुमार और अरंथांगी से कविता श्रीकांत को भी टिकट दिया गया है।

एक प्रमुख घटनाक्रम में पूर्व कांग्रेस विधायक विजयधारणी को विलवन्कोडु सीट से भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई को टिकट नहीं मिलने से सियासी चर्चाएं तेज हैं।पार्टी ने सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। सूची जारी होने के साथ ही राज्य में चुनावी माहौल और अधिक गरमा गया है।

---

## देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, घबराहट में बुकिंग न करें : इंडियन ऑयल

**नई दिल्ली,** (हि.स.) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और प्रतिदिन लगभग 28 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में आकर समय से पहले बुकिंग न करें।



**पश्चिम एशिया संकट के बावजूद आपूर्ति स्थिर:** आईओसी के अनुसार पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में एलपीजी की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। कंपनी का कहना है कि मौजूदा आपूर्ति स्तर पहले की तरह सामान्य है और घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है।

**डिजिटल बुकिंग और सख्ती से निगरानी :** कंपनी ने बताया कि करीब 87 प्रतिशत रीफिल बुकिंग डिजिटल माध्यमों से हो रही है और ओटीपी आधारित प्रणाली से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए 7,500 से अधिक निरीक्षण किए गए, 141 वितरकों पर कार्रवाई हुई और हजारों सिलेंडर जब्त किए गए हैं।



---

## राघव चड्ढा ने आआपा हाईकमान पर दागे सवाल,कहा- मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है



**चंडीगढ़,** (हि.स.)। राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने के बाद उनकी नाराजगी सार्वजनिक हो गई है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें जानबूझकर "खामोश" किया जा रहा है, जबकि वह हमेशा जनता की आवाज उठाते रहे हैं।

**अशोक मित्तल को नई जिम्मेदारी :** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर अशोक मित्तल को उपनेता नियुक्त करने की सिफारिश की है। मित्तल जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक हैं और हाल के समय में पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल हुए हैं।

**समर्थकों से भावुक अपील**

उन्होंने अपने समर्थकों से साथ बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि उनकी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। चड्ढा ने कहा, "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है।"

**मुद्दे उठाना क्या गुनाह?**

चड्ढा ने अपने वीडियो संदेश में सवाल किया कि क्या जनता के मुद्दे उठाना अपराध है। उन्होंने कहा कि संसद में उन्होंने एयरपोर्ट पर महंगे खाने, टोल व बैंकिंग गड़बड़ियों, मिडिल क्लास पर बढ़ते बोझ और टेलीकॉम कंपनियों की नीतियों जैसे मुद्दों को मजबूती से उठाया।

---

## मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को मिलेगा सवेतन अवकाश : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,** (हि.स.) चुनाव आयोग ने 2026 में होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान मतदान दिवस पर सभी कर्मचारियों को सवेतन अवकाश देने का निर्देश जारी किया है। यह सुविधा निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों के कर्मचारियों पर लागू होगी।

**दैनिक व आकस्मिक श्रमिक भी शामिल :** आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रावधान केवल स्थायी कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक वेतनभोगी और आकस्मिक श्रमिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। मतदान के दिन किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी।





**मतदान तिथियों का ऐलान**

आयोग के अनुसार, असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु, गुजरात और महाराष्ट्र में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को आयोजित होगा।

**कानूनी प्रावधान और सख्ती**

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के तहत सभी मतदाताओं को यह अधिकार प्राप्त है। आयोग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही, बाहर कार्यरत मतदाताओं को भी मतदान हेतु अवकाश सुनिश्चित किया जाएगा।

**01 : किसी भी कर्मचारी के वेतन में मतदान दिवस पर कटौती नहीं की जाएगी।**

---

**02 : जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के तहत यह अधिकार सुनिश्चित किया गया है।**

---

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.29 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली,** (हि.स.) देश के आर्थिक मोर्चे पर झटका देने वाली खबर सामने आई है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई है। 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले वाले सप्ताह में भी भंडार 11.413 अरब डॉलर गिरकर 698.34 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.62 अरब डॉलर घटकर 551.07 अरब डॉलर पर आ गईं, जबकि स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर गिरकर 113.52 अरब डॉलर रह गया।



हालांकि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में मामूली बढ़ोतरी हुई और यह 18.64 अरब डॉलर हो गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की आरक्षित निधि घटकर 4.81 अरब डॉलर रह गई। गौरतलब है कि 27 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा है और स्थिति संभालने के लिए आरबीआई बाजार में लगातार हस्तक्षेप कर रहा है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# अब बहानेबाजी खत्म, दाखिल-खारिज मामलों में बिहार सरकार की सख्त पहल

**पटना,** (हि.स.)

**01: भूमि मामलों में बड़ा सुधार, लंबित और सक्षम न्यायालय की नई गाइडलाइन जारी**

---------------

**02 : खरीदारों को राहत, बिना स्टे ऑर्डर के नहीं रुकेगा दाखिल-खारिज**

---------------



पटना में पटना से जुड़ी दाखिल-खारिज मामलों में हो रही देरी को लेकर बिहार सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। उप मुख्यमंत्री एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हाने कहा कि अब किसी भी प्रकार की बहानेबाजी स्वीकार नहीं होगी और सभी मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**कानूनी प्रावधानों की स्पष्ट व्याख्या:** बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम, 2011 की धारा 6(12) में प्रयुक्त "सक्षम न्यायालय" और "लंबित" शब्दों की अलग-अलग व्याख्या के कारण भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। विभाग ने अब सभी राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर इन शब्दों की परिभाषा तय कर दी है, जिससे कार्यप्रणाली में एकरूपता आएगी।

**अनावश्यक देरी पर लगेगी रोक:**
सरकार ने पाया कि कई अंचलों में दाखिल-खारिज मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जा रहा था। नए निर्देशों के तहत अब बिना किसी स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) के मामलों को रोका नहीं जा सकेगा। इससे वास्तविक खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है और प्रक्रिया में तेजी आएगी।

**सक्षम न्यायालय और लंबित मामलों की परिभाषा:** नए निर्देशों के अनुसार सिविल कोर्ट, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय, डीसीएलआर, एडीएम, डीएम, कमिश्नर कोर्ट, विधि विभाग द्वारा अधिकृत न्यायालय एवं बिहार भूमि न्यायाधिकरण को सक्षम न्यायालय माना जाएगा। केवल वही मामले लंबित माने जाएंगे जो विधिवत दायर होकर न्यायालय में संज्ञान में लिए गए हों।

**पारदर्शिता और त्वरित सेवा पर जोर:** उप मुख्यमंत्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नए नियमों का कड़ाई से पालन करें। सरकार की प्राथमिकता है कि भूमि संबंधी सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और तेजी सुनिश्चित हो, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े

# पटना में एलपीजी आपूर्ति को लेकर सख्त समीक्षा बैठक



**पटना,** (हि.स.) पटना के जिलाधिकारी द्वारा एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तीनों प्रमुख गैस विपणन कंपनियों—आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल—के अधिकारियों के साथ-साथ जिले में कार्यरत 136 गैस एजेंसियों के संचालकों ने भाग लिया। बैठक में विशेष रूप से होम डिलीवरी प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुचारू बनाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

**ब्लैकमार्केटिंग पर सख्ती के निर्देश:** समीक्षा के दौरान गैस की कालाबाजारी पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार वेंडर्स की संख्या बढ़ाने और वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर भी बल दिया गया।

**उपभोक्ता सुविधा और नियमों का पालन जरूरी:** बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गैस आपूर्ति से संबंधित सरकारी आदेशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा, शिकायतों के त्वरित निपटान और सेवा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सभी एजेंसियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने को कहा गया।

# बिहार वेदर न्यूज : गया में रेड अलर्ट, कई जिलों में तेज हवा और बारिश का खतरा



**पटना,** (हि.स.) बिहार में मौसम ने अचानक करवट ले ली है, जिससे कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका बढ़ गई है। पटना, नालंदा और गया समेत कई इलाकों में तेज हवा चल रही है, जबकि जहानाबाद, अरवल और औरंगाबाद में बूंदाबांदी दर्ज की गई। औरंगाबाद में शाम के समय तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र ने औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, नवादा, नालंदा और शेखपुरा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं गया जिले में आंधी और भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग के अनुसार अगले तीन घंटों के दौरान इन क्षेत्रों में मेघ गर्जन, वज्रपात, ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों से दूर रहें और पक्के मकानों में शरण लें। पेड़ों और बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखें तथा खेतों में जाने से बचें।

पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस डेहरी (रोहतास), शेखपुरा और कैमूर में दर्ज हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस मधुबनी के सुखेत में रहा।

आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद 2 से 4 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी और खराब मौसम से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# पटना में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान, 63,600 जुर्माना वसूला





**पटना,** (हि.स.)
जिलाधिकारी, पटना के निर्देश पर राजधानी के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।
प्रशासन द्वारा नियमित रूप से मल्टी-एजेंसी अतिक्रमण-उन्मूलन विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।
इसी क्रम में आज चलाए गए अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल ₹63,600/- का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान में नगर निगम, पुलिस प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों ने भाग लिया और कई स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचे, दुकानें एवं अन्य संरचनाओं को हटाया गया।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान निरंतर और प्रभावी ढंग से चलाया जाए, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि आदतन अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।
इसके तहत ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में वे दोबारा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा न कर सकें।
प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अतिक्रमण न करें और शहर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग दें।

# पटना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 62.13 ग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**पटना,** (हि.स.)।मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पटना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार हो रही कार्रवाई के क्रम में सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से अवैध अफीम बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**गुप्त सूचना पर हुई त्वरित कार्रवाई:** दिनांक 02 अप्रैल 2026 को सुल्तानगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि महेश्वरी लेन, महेंद्रु स्थित एक मकान में किरायेदार द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**छापेमारी में बरामद हुआ अफीम:** गठित टीम ने सुनियोजित तरीके से छापेमारी करते हुए उक्त स्थल से 62.13 ग्राम अफीम बरामद किया। इसके साथ ही मौके से 06 मोबाइल फोन, 15 पीस लाइटर और 37,300 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

**अभियुक्त से पूछताछ जारी** गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा इसका नेटवर्क कितना व्यापक है।

**नगर एसपी ने दी जानकारी** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पटना पुलिस मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# बिहार : एसएसबी जवान की सरकार से गुहार, देश बचाऊंया परिवार?

## - जमीन विवाद में सीओ पर भ्रष्टाचार का आरोप, भू-माफियाओं को दे दी, परिवार को मिल रही धमकी

**पटना,** (हि.स.)
अरुणाचल प्रदेश में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में तैनात सासाराम निवासी जवान प्रमोद कुमार ने अंचल अधिकारी (सीओ) पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उनकी जमीन भू-माफियाओं को दे दी गई और परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं। इस मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसएसबी जवान ने फेसबुक पर वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा साझा की है।



प्रतीकात्मक फोटो

वायरल वीडियो में एसएसबी जवान प्रमोद कुमार ने कहा कि एक सैनिक हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालता है, लेकिन जब उसका अपना परिवार और संपत्ति ही सुरक्षित न हो तो वह किस मनोस्थिति में ड्यूटी करेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मेरा परिवार ही सुरक्षित नहीं है तो मैं देश की रक्षा कैसे करूं?प्रमोद कुमार के अनुसार, सासाराम स्थित उनकी जमीन पर वर्षों से विवाद चल रहा था।इस मामले में कोर्ट (डीसीएलआर) ने उनके पक्ष में फैसला दिया था और जमीन पर उनका अधिकार माना था। आरोप है कि तत्कालीन सीओ शिव शरण उपाध्याय ने कोर्ट के आदेश और सिविल कोर्ट के नोटिस की अनदेखी करते हुए भू-माफियाओं से कथित तौर पर मोटी रकम लेकर जमीन उन्हें आवंटित कर दी।जवान ने बताया कि 28 मार्च को सीओ ने दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए बुलाया था। उस दिन वह खुद ड्यूटी पर थे, लेकिन उनका परिवार (भाभी और बच्चे) सीओ कार्यालय पहुंचा और पूरे दिन गेट पर इंतजार करता रहा। आरोप है कि उस दिन सुनवाई नहीं की गई, क्योंकि भू-माफिया पक्ष का कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। बाद में बिना सुनवाई, बिना कोर्ट के आदेश और नोटिस को देखे, जमीन भू-माफियाओं के पक्ष में कर दी गई।उन्होंने यह भी बताया कि जमीन का विवरण खाता संख्या 287 और प्लॉट संख्या 54, 07, 08, 09 आदि से जुड़ा है, जिस पर विवाद चल रहा है। अब भू-माफियाओं द्वारा उनके परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं कि यदि आगे कोई कार्रवाई की गई तो जान से मार दिया जाएगा।

# पटना साइबर थाना की बड़ी कार्रवाई : महिला को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पटना,** (हि.स.)

-------------

**■ आरोपी अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया व ईमेल से कर रहा था प्रसारित**

-------------

पटना साइबर थाना कांड संख्या 1833/25 के तहत एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया था कि एक व्यक्ति द्वारा उनके अश्लील फोटो एवं वीडियो तैयार कर उन्हें सोशल मीडिया और ईमेल के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। इस घटना से पीड़िता और उनका परिवार काफी मानसिक दबाव में था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी।

**ब्लैकमेल कर वसूली का प्रयास:** आरोपी केवल अश्लील सामग्री प्रसारित करने तक ही सीमित नहीं था, बल्कि वह पीड़िता और उनके परिजनों को उक्त फोटो एवं वीडियो भेजकर पैसे की मांग कर रहा था। वह लगातार ब्लैकमेल कर आर्थिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा था। आरोपी द्वारा दी जा रही धमकियों से परिवार में भय का माहौल बना हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उन्हें बार-बार कॉल और मैसेज कर पैसे देने का दबाव बना रहा था।

**तेजाब फेंकने की धमकी से बढ़ा डर:** मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब आरोपी ने पीड़िता को तेजाब फेंकने की धमकी दी। इस धमकी ने पूरे परिवार को भयभीत कर दिया और स्थिति अत्यंत संवेदनशील हो गई। पुलिस ने इस पहलू को गंभीरता से लेते हुए मामले को प्राथमिकता के आधार पर लिया और तकनीकी साक्ष्य जुटाने शुरू किए।

**तकनीकी जांच से गिरफ्तारी, आगे की कार्रवाई जारी**
पटना पुलिस द्वारा किए गए त्वरित तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के मोबाइल फोन की जांच में पीड़िता से संबंधित आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो बरामद किए गए हैं। साथ ही धमकी देने में प्रयुक्त सिम कार्ड भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष साइबर थाना, पटना श्री नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार के पूर्वी चंपारण में संदिग्ध परिस्थिति में अबतक 03 की मौत

**पटना / मोतिहारी** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव में बीते बुधवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक संदिग्ध परिस्थिति में कम से कम 03 लोगों की मौत हो गई है,जबकि 15 लोगों का इलाज चल रहा है। कई मरीजों की आंखों की रोशनी पर भी असर पड़ा है।



शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान परसौना दलित बस्ती निवासी परीक्षण मांझी(55) के रूप में की गई है। इससे पहले बीती रात एक युवक की मौत निजी क्लिनिक में हो गई थी।

परिजनों का कहना है कि शराब पीने से बीमार होने के बाद मौत हो रही है। इस दावे के इतर पुलिस अबतक संदिग्ध मौत मानकर छानबीन कर रही है।

बुधवार को एक युवक की मौत हो गई जबकि, गुरुवार को इलाज के दौरान एक अन्य बीमार ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को सुबह में सरकारी अस्पताल में इलाजरत एक अधेड़ ने भी दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल में सात बीमारों का इलाज चल रहा है। कई बीमार निजी अस्पताल में छिपकर इलाज करवा रहे हैं। बीमारों की कुल संख्या 15 बताई जा रही है। गुरुवार देर रात

मृत युवक तुरकौलिया थाने के शंकर सरैया परसौना गांव का प्रमोद यादव(32) था। वह दूध का कारोबार करता था। उसके परिजनों ने जहरीली शराब पीने से मौत होने की बात कही है। देर रात पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों को प्रमोद यादव का शव सौंप दिया गया।

इसके पूर्व तुरकौलिया जयसिंहपुर फुलवार निवासी ई रिक्शा चालक चंदू कुमार (22) की मौत हो गई थी। जानकारी मिल रही है कि इस मामले में एक चौकीदार को सस्पेंड कर दिया गया है।

सदर अस्पताल में फिलहाल सात लोगों का इलाज चल रहा। सिर में दर्द और आंख की रोशनी गायब होने की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस रात भर शराब तस्करों के विरुद्ध छापेमारी में जुटी रही।

# पूर्णिया में स्वच्छता का महाअभियान : डीएम ने जलाया जागरूकता का दीप, शहर से गांव तक, 14 अप्रैल तक चलेगी सफाई की जंग

## स्वच्छ भारत मिशन : स्वच्छता के लिए उठ खड़ा हुआ पूर्णिया: डीएम के नेतृत्व में 14 दिन का महासंकल्प"

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से पूर्णिया में शुक्रवार को एक बड़े अभियान की शुरुआत की गई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत इस विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

यह कार्यक्रम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कल्याण छात्रावास परिसर, पूर्णिया में जिलाधिकारी अंशुल कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त नगर निगम पूर्णिया, महापौर नगर निगम पूर्णिया, निदेशक डीआरडीए, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक, सलाहकार समेत सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण की सक्रिय भागीदारी रही।

**छात्र छात्राओं और नगर वासियों ने ली स्वच्छता की शपथ**

स्वच्छता अभियान के इस अवसर पर जिलाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं नगर वासियो एव प्रशासनिक अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। मौक़े पर नगर आयुक्त पूर्णिया एवं महापौर द्वारा स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के बाद सभी अधिकारियों ने पूर्णिया शहरी क्षेत्र में श्रमदान कर साफ-सफाई में भाग लिया, जिससे अभियान को व्यवहारिक रूप दिया गया।

**14 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायतों एवं प्रखंडों में चलेगा अभियान**

यह विशेष स्वच्छता अभियान 03 अप्रैल 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक पूर्णिया जिले के सभी प्रखंडो के विभिन्न पंचायतों मे चलाया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान के तहत शहर से लेकर गांव तक छोटे-बड़े सभी गंदगी के बिंदुओं एवं स्वच्छता लक्षित इकाइयों को गंदगी मुक्त किया जाएगा।





**महादलित टोला में शौचालय निर्माण हेतु किया जाएगा प्रेरित**

अभियान के दौरान विशेष रूप से महादलित टोला में शौचालय आच्छादन से वंचित परिवारों को प्रोत्साहित कर शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर विशेष जोर दिया जाएगा।

लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। जूट, कपड़े, कागज या अन्य इको-फ्रेंडली सामग्री से बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने, कचरा नहीं फैलाने और अपने आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जाएगा।

**निर्धारित समय सीमा में स्वच्छ बनाने का लक्ष्य**

अभियान के तहत सभी सार्वजनिक स्थल, सरकारी एवं निजी कार्यालय, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल, हाट-बाजार एवं जलस्रोतों को निर्धारित समय सीमा में स्वच्छ बनाने का लक्ष्य रखा गया है।




**कार्यक्रम की सफलता को लेकर समय सीमा तय**

इस कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयकों को जिला स्वच्छता कार्यालय से समन्वय स्थापित कर समय-सीमा के भीतर कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों की ब्लड शुगर, बीपी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराईं।

**"स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी : महापौर**

महापौर नगर निगम पूर्णिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं बल्कि अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा, तभी इसका स्थायी असर दिखेगा।

**"जनभागीदारी से ही सफल होगा अभियान : नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त नगर निगम पूर्णिया ने स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है।





## स्वच्छता के बिना शिक्षा का प्रसार संभव नहीं है"स्वच्छता अपनाइए—स्वस्थ, शिक्षित समाज बनाइए: जिला पदाधिकारी



जिलाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा—स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। जब तक हम इसे अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं करेंगे, तब तक समाज में वास्तविक बदलाव संभव नहीं है।"

उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य और समाज दोनों से है।स्वच्छता न सिर्फ हमें बीमारियों से बचाती है, बल्कि एक बेहतर और सुसंस्कृत समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा—आप सभी छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। यदि आप आज से ही स्वच्छता को अपनी आदत बना लेते हैं, तो आने वाले समय में पूरा समाज स्वच्छ और जागरूक बनेगा। इसलिए विद्यालय, छात्रावास और अपने घर के आसपास साफ-सफाई की जिम्मेदारी स्वयं लें।"

स्वच्छता और शिक्षा के संबंध पर जोर देते हुए उन्होंने कहा "स्वच्छता के बिना शिक्षा का सही प्रसार संभव नहीं है। गंदा वातावरण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पढ़ाई और सोचने की क्षमता पर भी असर डालता है। इसलिए स्वच्छ वातावरण का निर्माण बेहद जरूरी है।"उन्होंने आगे कहा—स्वच्छ समाज ही स्वस्थ और शिक्षित समाज की पहचान है।

यदि हम स्वच्छता को अपनाते हैं, तो यह हमारे जीवन स्तर को भी बेहतर बनाता है।"

अंत में उन्होंने संदेश देते हुए कहा—आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि न केवल स्वयं स्वच्छ रहेंगे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। स्वच्छ रहिए, स्वस्थ रहिए और शिक्षित रहिए' —यही हम सबका मूल मंत्र होना चाहिए।

## स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है, जो स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की नींव रखता है :महापौर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

■ **जागरूकता रैली में महापौर ने छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, हॉस्टल निरीक्षण कर सुधार का दिया भरोसा**



पूर्णिया में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत आयोजित "विशेष स्वच्छता अभियान" के दौरान महापौर विभा कुमारी ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। बच्चा जेल के समीप स्थित एससी/एसटी एवं ओबीसी छात्रावास परिसर से निकली भव्य जागरूकता रैली में उन्होंने छात्रों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने छात्रावास परिसर में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है, जो स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की नींव रखता है।

महापौर ने छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कमियों को दूर करने के लिए नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने कमरे और परिसर को साफ रखें, कचरा डस्टबिन में डालें और प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसहभागिता के बिना कोई भी स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता, इसलिए सभी मिलकर "स्वच्छता ही सेवा" के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाना है ।

---

## कुशवाहा कल्याण परिषद ने इसरो में चयनित शशि कुमार का किया सम्मान

**न्यूज स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया जिले के पूर्णिया पूर्व प्रखंड अंतर्गत चांदी पंचायत के चांदी कठुआ गांव निवासी सुबोध मेहता के पुत्र शशि कुमार के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में टेक्निकल असिस्टेंट पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुशवाहा कल्याण परिषद, पूर्णिया के सदस्यों ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शशि कुमार को मिठाई खिलाकर, फूल-माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शशि की इस उपलब्धि को पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष रविन्द्र मोहन मेहता ने कहा कि शशि कुमार ने इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शशि की सफलता से समाज के अन्य युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और कठिन परिश्रम के बल पर अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए।वहीं, डॉ. राम शरण मेहता ने कहा कि शशि ने पूर्णिया में रहकर स्वअध्ययन के माध्यम से यह सफलता हासिल की है, जो कि बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इसरो तक का सफर तय करना युवाओं के लिए एक मिसाल है।मौके पर परिषद के उपाध्यक्ष अरबिंद कुमार मेहता, सचिव सुमन कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, संरक्षक शंभु प्रसाद सिंह, राम शरण मेहता, दिलीप मेहता, राम नारायण मेहता सहित अन्य सदस्य दिलीप मेहता, सिंघेश्वर मेहता, कमलेश्वरी मेहता, हेमनारायण मेहता, अशोक मेहता, बिनोद मेहता,भैरव मेहता,मनोज मेहता आदि उपस्थित थे।



## अंत्योदय से विकसित भारत का संकल्प: विधायक विजय खेमका ने किया प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ

### दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और विकास योजनाओं पर मिला मार्गदर्शन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा अंतर्गत नगर मध्य मंडल द्वारा हनुमान नगर स्थित विमल आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का शुभारंभ सदर विधायक विजय खेमका ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आरंभ बंदेमातरम गान एवं वर्ग गीत के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार, प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, मंडल प्रभारी अनुपमा झा, संयोजक संजय मिश्रा सहित कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**अंत्योदय से संतृप्ति पर विधायक का जोर**

विधायक विजय खेमका ने "अंत्योदय से संतृप्ति" विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और पांच निष्ठा पर आधारित विचारधारा के साथ भारतीय जनता पार्टी निरंतर "संकल्प से सिद्धि" की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का मूल उद्देश्य है और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" नए भारत की दिशा तय कर रहा है।

**योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान**

विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से देश की जनता लाभान्वित हो रही है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वे संपर्क और सहयोग के माध्यम से हर घर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

उन्होंने 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय और संकल्पित होने का संदेश दिया।

**सात सत्रों में संगठन और विचारधारा पर मंथन**

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिसमें सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने पंजीकरण कर भाग लिया।

इन सत्रों में भाजपा के इतिहास, संगठन विस्तार, कार्य पद्धति, सोशल मीडिया, बूथ प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बढ़ाई रंगत**

प्रशिक्षण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन**

कार्यक्रम के अंत में डॉ. के. के. चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रगान के साथ प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।

**इन कार्यकर्ताओं की रही अहम भूमिका**

कार्यक्रम के सफल संचालन में गौरव चंद्रवंसी, राजेश चौरसिया विशुराज, श्रवण मंडल, उषा दास, अवंतिका चौधरी, रीना दुबे, मनोरंजन कुमार, साकेत खत्री, गजेंद्र साह, बंटी मेहता सहित कई कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुफस्सिल थाना पुलिस ने झपट्टा मारने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मुफस्सिल थाना पुलिस ने झपट्टा मारकर भाग रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 02 अप्रैल 2026 को की गई, जब पुलिस को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भोला कुमार फसैली पीरमुकाम, थाना फलका, जिला कटिहार, अविनाश कुमार निवासी कुकरन, थाना धमदाहा, विशाल कुमार तुर्की निवासी जेपी नगर, केहाट बिट्टू सहनी उर्फ कृष्ण कुमार सहनी निवासी सिंघिया दीवानगंज, थाना मुफस्सिल, के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार सभी आरोपी झपट्टा मारकर भागने की फिराक में थे, लेकिन समय रहते उन्हें पकड़ लिया गया। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है

# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा भक्ति का सागर : रामलीला, जागरण और दीपोत्सव में दिखा आस्था का जनसैलाब

## 11 हजार दीपों से सजा मंदिर, भजन-संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां; पंडाल छोटा पड़ा, श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**



हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वृहस्पतिवार को श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति, आर एन साह चौक द्वारा भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को पुष्प मालाओं, आकर्षक विद्युत सज्जा और हनुमान जी की मनमोहक रंगोली से भव्य रूप से सजाया गया। विशेष रूप से 11 हजार दीप प्रज्वलित कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक आभा से आलोकित कर दिया गया।

**भक्ति जागरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन** : राणा प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित भक्ति जागरण, शिव तांडव नृत्य, हनुमान चालीसा पाठ एवं रामलीला मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**'किलकारी पूर्णिया' टीम की शानदार प्रस्तुति** : किलकारी पूर्णिया की टीम ने अनुपमा जी के कुशल मार्गदर्शन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं भागलपुर से आईं गायिका पिंकी राज के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

**कलाकारों ने बांधा समां**
रानी मंजीत कौर, शिवानी मिश्रा, राहुल कक्षावार एवं अनमोल जी की सुरीली आवाज पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। भोलू तारा ग्रुप के बैनर तले अजय राय ने शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि अनमोल एवं आयुष ने राम-लक्ष्मण की भूमिका में शानदार अभिनय कर दर्शकों की वाहवाही लूटी।

**दीपोत्सव के बाद भक्ति जागरण और रामलीला** :संध्या बेला में दीपोत्सव के उपरांत भक्ति जागरण, हनुमान चालीसा पाठ एवं रामलीला मंचन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य मुरारी दास महाराज, पूज्य शिवानन्द दास, पूज्य रामोतार दास एवं समिति के प्रदीप शारदा, गौतम भौमिक, एस के सरोज व राणा प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पंडाल पड़ा छोटा** : हनुमान जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन को देखने और उसमें सहभागी बनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थिति यह रही कि पंडाल छोटा पड़ गया और कुर्सियां भी कम पड़ गईं, बावजूद इसके लोगों का उत्साह चरम पर बना रहा।

**प्रसाद वितरण में उमड़ी श्रद्धा**
कार्यक्रम के समापन के बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच बुंदिया, पूरी, खीर एवं लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

**समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान** : इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष आदित्य केजरीवाल, सचिव आदित्य कुमार कर्ण सहित गौतम भौमिक, पवन कुमार पोद्दार, मुरारी सिंह, राकेश कुमार, जानसन, उज्जवल गुप्ता, आलोक लोहिया, प्रमोद पंसारी, डॉ. आलोक कुमार, विजय शंकर सिंह, मनोहर कुमार, प्रवीण शारदा, सुबोध तंबोली, निर्मल कुमार जैन, सुनील लोहिया,





राजू झा, मुन्ना पारिक, स्वाति अग्रवाल, संजय गर्ग, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, अनिल लोहिया, परिमल सिंह, अभिनव केजरीवाल, शशांक शेखर सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, विवेकानंद यादव सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने गुलाबबाग पंचमुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना





**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

- **जीरो माइल स्थित संकट मोचन मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, उप महापौर ने की नगर की सुख-समृद्धि की कामना**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर की उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने भाजपा नेता श्री अरविंद कुमार उर्फ भोला साह के साथ गुलाबबाग जीरो माइल स्थित श्री संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।
पूजा के उपरांत उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने नगरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति, शक्ति और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को सशक्त एवं संगठित बनाया जा सकता है।
उन्होंने इस अवसर पर सभी नागरिकों को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।
कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। गुलाबबाग के व्यवसायियों का सहयोग, समर्पण और सेवा भी सराहनीय रहा। आयोजन में समाजसेवी दिलीप जी, राजेश सिंह जी, देवेंद्र जी, मनोज साह जी सहित कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# भक्ति और उल्लास के बीच सम्पन्न हुआ अखंड रामायण पाठ, हवन-यज्ञ के साथ हुआ भव्य समापन

**न्यूज स्केल कसबा,**

- **1500 महिलाओं की कलश यात्रा से शुरू हुआ आयोजन, कीर्तन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**



कसबा नगर परिषद अंतर्गत हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति, कलश विसर्जन एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा रहा।
जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-15 स्थित इस मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान की प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर 26 मार्च 2026 को भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक ही परिधान और एक ही रंग में सजी करीब 1500 महिलाओं ने आकर्षक कलश यात्रा निकालकर आयोजन को भव्यता प्रदान की थी।
अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के उपरांत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भक्ति कीर्तन में भाग लिया। मंदिर परिसर में गूंजते भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर पूजा-अर्चना की।
मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार साहा ने आयोजन की सफलता पर सभी समिति सदस्यों, महिला मंडल, कसबा नगरवासियों एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के सहयोग से ही इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सका।
इस आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। खासकर कसबा थाना के पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूर्णिया सदर-2 श्री राजेश कुमार एवं थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक श्री ज्ञान रंजन के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# अग्निशमन विभाग ने कराया जागरूकता मैराथन दौड़

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**



बायसी अनुमंडल मुख्यालय में अग्निशमन विभाग द्वारा लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी शंभू कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।
मैराथन दौड़ की शुरुआत अग्निशमन कार्यालय से की गई, जिसमें विभाग के कर्मियों के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शंभू कुमार सिंह ने कहा कि आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता और समय पर सही कदम उठाना बेहद जरूरी है।दौड़ में सब ऑफिसर तीजू पासवान, प्रधान अग्निक उपेंद्र कुमार, मंटू कुमार, अग्नि चालक अजय कुमार, अग्निक अंकित कुमार सिंह, फूलचंद्र बिंद और सूरज कुमार सहित कई कर्मी शामिल रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आपदा के समय सावधानी बरतने का संदेश दिया गया।

# बरदेला में गूंजा वैदिक स्वर, तीन दिवसीय धर्म महोत्सव का भव्य आगाज

**न्यूज स्केल धमदाहा,**

- **चतुर्वेद महायज्ञ, प्रवचन और भजन से आध्यात्मिक माहौल; देशभर से आए विद्वानों ने किया मार्गदर्शन**



प्रखंड क्षेत्र के बरदेला पंचायत स्थित द्रौपदी चतुर्गुण उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार से तीन दिवसीय सत्य सनातन वैदिक धर्म महोत्सव एवं चतुर्वेद महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, द्वितीया एवं तृतीया (03 से 05 अप्रैल 2026) तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की नई लहर देखने को मिल रही है।
महोत्सव के पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। आयोजन स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस दौरान प्रख्यात वैदिक विद्वानों ने धार्मिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर मानव कल्याण से जुड़े प्रवचन प्रस्तुत किए। साथ ही भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।
कार्यक्रम में बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश से आए विद्वानों ने वैदिक संस्कृति और सनातन धर्म की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ताओं में डॉ. व्यास नंदन शास्त्री, वैदिक डॉक्टर ब्रह्मदत्त आर्य, आचार्य मीरा शास्त्री, कवित्री अंजू सुमन, पंडित श्यामानंदन शास्त्री एवं आचार्य वेदवीर शास्त्री ने अपने विचार रखे और लोगों को धर्म, संस्कार और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।
आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य पूरी सक्रियता से जुटे हुए हैं। प्रमुख रूप से विद्याभूषण आर्य, सत्य प्रकाश आर्य, जनार्दन प्रसाद आर्य, हरिनंदन प्रसाद आर्य, जगत लाल प्रसाद आर्य एवं रविंद्र कुमार मारकंडे सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।
तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कार्यक्रम में भाग लेकर धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं।

# मुफस्सिल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, झपट्टा मारने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**



मुफस्सिल थाना पुलिस ने झपट्टा मारकर भाग रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 02 अप्रैल 2026 को की गई, जब पुलिस को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भोला कुमार (26) निवासी फसैली पीरमुकाम, थाना फलका, जिला कटिहार, अविनाश कुमार (19) निवासी कुकरन, थाना धमदाहा, विशाल कुमार तुर्की (19) निवासी जेपी नगर, थाना केहाट तथा बिट्टू सहनी उर्फ कृष्ण कुमार सहनी (23) निवासी सिंघिया दीवानगंज, थाना मुफस्सिल, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी झपट्टा मारकर भागने की फिराक में थे, लेकिन समय रहते उन्हें पकड़ लिया गया। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य घटनाओं के भी खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

# रामनवमी आयोजन की शांतिपूर्ण माहौल मे सम्पन्न होने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

**न्यूज स्केल केनगर/ चम्पानगर,**

- **बजरंग दल समिति ने बुके व तैलचित्र भेंट कर जताया आभार, शांति व्यवस्था में पुलिस की भूमिका की सराहना**




चम्पानगर में 28 मार्च को आयोजित रामनवमी शोभायात्रा एवं रात्रि में आकर्षक झांकी और शिव तांडव के सफल और शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए बजरंग दल समिति चम्पानगर द्वारा शुक्रवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन को सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों ने बुके एवं ईश्वर की प्रतिमा वाले तैलचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर थानाध्यक्ष अनुपम राज, अपर थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर राय एवं पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार को उत्कृष्ट सेवा के लिए विशेष रूप से सराहा गया। समिति ने कहा कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता और कड़ी मेहनत से पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रही, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।
वहीं थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बजरंग दल के सदस्यों के प्रति शांति पूर्ण वातावरण मे आयोजन सम्पन्न करने मे सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को बढ़ावा देने तथा अज्ञानता दूर करने के लिए नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। साथ ही नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए जागरूकता फैलाने की अपील की।
इस मौके पर बजरंग दल के अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

# “न घबराएं, न जल्दबाजी करें: पूर्णिया में गैस की कोई किल्लत नहीं” रिकॉर्ड वितरण के साथ भारी स्टॉक मौजूद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया मे गैस सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग पूरी आपूर्ति की जा रही है ! एक दिन में 8,795 सिलेंडर का वितरित किया गया , इसके बाउजूद 20,469 सिलेंडर स्टॉक में है ! जिला प्रशासन ने ग्राहकों को दी संयम बरतने की सलाह दी है !

जिला प्रशासन ने जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर फैली आशंकाओं के बीच यह स्पष्ट किया है कि पूर्णिया में गैस की कोई कमी नहीं है। शुक्रवार को जिले भर



में 8,795 घरेलू गैस सिलेंडरों का सफलतापूर्वक वितरण किया गया, जबकि विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों में अभी भी 20,469 सिलेंडर सुरक्षित स्टॉक में उपलब्ध हैं। प्रेस क्लब पूर्णिया में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि शुक्रवार को कुल 9,194 उपभोक्ताओं द्वारा गैस की मांग की गई थी, जिसके विरुद्ध नियमानुसार

**निगरानी जारी:**
जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की सतत और गहन निगरानी की जा रही है, ताकि हर उपभोक्ता तक समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

लगभग सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कुल 71 एलपीजी गैस एजेंसियां संचालित हैं, जो नियमित रूप से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सेवा प्रदान कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस



**जिले में 71 एजेंसियां सक्रिय, हर उपभोक्ता तक समय पर पहुंच रही गैसः 20 हजार से अधिक सिलेंडर सुरक्षित”**

------------------

**गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 और 242320 पर संपर्क किया जा सकता है।**

आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का निर्धारित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि 25 दिनों की है।

**शिकायतों का त्वरित निपटारा**
उन्होंने बताया कि 15 मार्च से अब तक गैस आपूर्ति से जुड़ी कुल 268 शिकायतें जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुईं, जिनमें से 258 का समाधान कर लिया गया है। शेष 10 शिकायतों पर संबंधित एजेंसियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**कालाबाजारी पर सख्ती**
जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी और निरीक्षण किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार के निर्देश पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

**अफवाहों से बचने की अपील**
प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों या सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। घबराहट में गैस सिलेंडर की बुकिंग न कराएं, बल्कि नियमानुसार ही बुकिंग करें। सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

# स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है, जो स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की नींव रखता है

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

**■ जागरूकता रैली में महापौर ने छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, हॉस्टल निरीक्षण कर सुधार का दिया भरोसा**




पूर्णिया में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत आयोजित “विशेष स्वच्छता अभियान” के दौरान महापौर विभा कुमारी ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। बच्चा जेल के समीप स्थित एससी/एसटी एवं ओबीसी छात्रावास परिसर से निकली भव्य जागरूकता रैली में उन्होंने छात्रों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने छात्रावास परिसर में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है, जो स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की नींव रखता है।महापौर ने छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कमियों को दूर करने के लिए नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने कमरे और परिसर को साफ रखें, कचरा डस्टबिन में डालें और प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसहभागिता के बिना कोई भी स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता, इसलिए सभी मिलकर “स्वच्छता ही सेवा” के संकल्प को

# लोकसभा में जन विश्वास विधेयक पर सांसद पप्पू यादव का तीखा सवाल , सदन मे गरीब-किसान की आवाज बुलंद की

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों, मजदूरों, युवाओं, पत्रकारों और साहित्यकारों के हितों की रक्षा करने में विफल साबित हो रहा है।

पप्पू यादव ने सदन में सवाल उठाया कि लोकतंत्र की असली ताकत युवा हैं, लेकिन आज उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें विभिन्न धाराओं में फंसाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे किसान और गरीब लोग



मामूली जरूरतों के कारण कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं, जबकि बड़े पूंजीपतियों को राहत मिल जाती है।

**नकली दवाओं पर सख्ती की मांग:** सांसद ने देश में नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है, लेकिन मौजूदा कानून में केवल मामूली जुर्माने का प्रावधान है, जिससे बड़े अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पाता। उन्होंने कड़ी सजा की मांग की।

**पर्यावरण और प्रदूषण पर उठे सवाल:** पप्पू यादव ने कहा कि बड़े उद्योगों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं है। कमजोर दंड व्यवस्था से पर्यावरणीय अपराध बढ़ सकते हैं, जिसका सबसे अधिक असर गरीब तबके पर पड़ता है।

**“कानून आमजन नहीं, प्रभावशाली वर्ग के पक्ष में” —नकली दवाओं, पर्यावरण और न्याय व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल**

**न्याय व्यवस्था और जवाबदेही पर चिंता:** उन्होंने नौकरशाही पर बढ़ती निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि इससे भ्रष्टाचार और मनमानी बढ़ सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून ऐसा होना चाहिए जिससे आम नागरिक को न्याय तक आसान पहुंच मिल सके।

अंत में सांसद ने मांग की कि इस विधेयक पर पुनर्विचार कर इसे अधिक जनहितकारी बनाया जाए, ताकि लोकतंत्र की मूल भावना और आम लोगों के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

# उत्तरी पोखरिया मध्य विद्यालय में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**न्यूज स्केल हरदा**

**■ अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी में वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया “आर्यभट्ट गणित पार्क” का निरीक्षण**



मध्य विद्यालय उथरी पोखरिया में सोमवार को अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे विद्यालय परिसर उत्साह और सहभागिता से सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी से हुई, जिसमें शिक्षकों ने कक्षा-वार विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन के परिणाम अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किए। इससे अभिभावकों को अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की स्पष्ट जानकारी मिली और उन्होंने शिक्षकों से संवाद भी किया।

इसके बाद आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे। उनके कर-कमलों द्वारा विद्यालय के शीर्ष तीन मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, आठवीं कक्षा उत्तीर्ण कर उच्च विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट, प्रगति पत्र एवं दीक्षांत टोपी प्रदान की गई।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षित बच्चे ही समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया।

अंत में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर में स्थापित “आर्यभट्ट गणित पार्क” का निरीक्षण किया और इसकी सराहना करते हुए इसे छात्रों के लिए उपयोगी पहल बताया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों, रसोईया माताओं एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे यह आयोजन यादगार बन गया।

# बोर्ड परीक्षा मे लड़कियों की सफलता पर उपमहापौर ने दी बधाई, मिठाई खिलाया और पौधा देकर किया उत्साहवर्धन

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

शुक्रवार को पूर्णिया पूर्व सिकंदरपुर पंचायत के फसिया मदारपुर विश्वकर्मा टोली निवासी श्री प्रदीप शर्मा उर्फ राजू जी की पुत्री अमृता कुमारी एवं बुथ संख्या 272 के बुथ अध्यक्ष राजकुमार शर्मा की पुत्री कुमारी महक शर्मा के जिला स्तर में मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी (फर्स्ट डिवीजन) से उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता एवं भाजपा नेता अरविंद कुमार उर्फ भोला साह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना



करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी सफल छात्राओं को पौधा देकर एवं मिठाई खिलाकर छात्राओं और उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।इस अवसर पर उपमहापौर ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, लगन और उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यही बच्चे आगे चलकर हमारे पूर्णिया और अपने समाज के मान प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएंगे।उन्होंने सभी छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपमहापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि बेटियां आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भी छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उपमहापौर के इस पहल की सराहना की । छात्राओं को बधाई देने में उपमहापौर एवं भाजपा नेता भोला साह के साथ सिकंदरपुर पंचायत भाजपा अध्यक्ष डॉ मनोज साह भी मौजूद रहे।

# पूर्णिया में बेटा नहीं हुआ तो मार डाला: दो मासूम बेटियों की माँ की संदिग्ध मौत, ससुराल वालों पर तकिये से मुँह दबाकर हत्या का आरोप

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले के मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदा कवैया (वार्ड 02) में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि बेटा न होने और जमीन बेचकर पैसे लाने की मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। वर्तमान में महिला का शव पूर्णिया जीएमसीएच में पड़ा है, जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम का माहौल है। दो छोटी बच्चियों के सिर से माँ का साया उठ गया है, जो अब भी इस बात से अनजान हैं कि उनकी माँ अब कभी लौटकर नहीं आएगी। फिलहाल पुलिस



ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया GMCH भेज दिया है।मृतका की पहचान मनीष कुमार की 28 वर्षीय पत्नी जुगनू कुमारी के रूप में हुई है।

**हार्ट अटैक का बहाना और अस्पताल में मिला शव:** घटना शुक्रवार की है। मृतका की माँ संजुला देवी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे उनके दामाद मनीष कुमार का फोन आया। मनीष ने घबराते हुए कहा कि जुगनू को हार्ट अटैक आया है, हम उसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं। आनन-फानन में जब मायके वाले पूर्णिया जीएमसीएच पहुँचे, तो वहां का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जुगनू का निर्जीव शरीर अस्पताल के स्ट्रेचर पर पड़ा था। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि महिला की मौत अस्पताल लाने से काफी पहले ही हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार,



जुगनू की शादी 5 साल पहले मनीष के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। शुरुआती कुछ समय सब ठीक रहा, लेकिन जैसे ही जुगनू ने दो बेटियों शांभवी (4 वर्ष) और निशा (ढाई वर्ष) को जन्म दिया, ससुराल वालों का रवैया बदल गया।

मृतका की माँ ने आरोप लगाया कि सास ऊषा देवी, ननद मोनी, ज्योति और नंदोई कौशल अक्सर जुगनू को 'बेटा न होने' के लिए प्रताड़ित करते थे और उसके साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष जुगनू पर

**01: मायके पक्ष का आरोप— बेटा न होने और जमीन बेचकर पैसे लाने के दबाव में ससुराल वालों ने की हत्या।**

------------------

**02 : पति मनीष कुमार ने फोन कर ‘हार्ट अटैक’ की दी सूचना, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर मृत अवस्था में मिली महिला।**

दबाव बना रहा था कि वह अपने पिता से कहकर उनकी जमीन बिकवाए और पैसे लाकर उन्हें दे। इसी विवाद में पूर्व में जुगनू का हाथ और तीन उंगलियां भी तोड़ दी गई थीं। इस घटना का सबसे दुखद पहलू यह है कि जुगनू अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहती थी। अपनी दोनों बेटियों के भविष्य के लिए वह आत्मनिर्भर होना चाहती थी। उसकी माँ ने रोते हुए बताया कि जुगनू ने मात्र तीन दिन पहले ही शारीरिक शिक्षक की भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए नई किताबें खरीदी थीं। वह पढ़ाई में जुटी थी, लेकिन उसे क्या पता था कि उसके अपनों के ही इरादे कुछ और हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मरंगा थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि परिजनों के आवेदन और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंद घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहनों की चोरी



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया.बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के गहनों की चोरी कर ली.घटना सहायक खजांची थाना क्षेत्र के माधोपारा स्थित नूरीनगर में हुई.पीड़ित गृह स्वामी फायक अहमद ने घटना के संबंध में थाना में आवेदन दिया है.जिसमें कहा है कि वे घर बंद कर परिवार के पूर्णिया से बाहर गये थे.इसी दौरान दूध देने वाला व्यक्ति घर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट समेत सभी कमरे का दरवाजा खुला है.इसके बाद दूध देने वाले ने इसकी जानकारी पड़ोसी को दी.पड़ोसी से उन्हें जानकारी मिलने के बाद वे घर पहुंचे.जहां देखा कि अलमीरा खुला है और सोने चांदी के गहने गायब हैं.गृह स्वामी ने कहा है कि चोरों ने सोने की 12 पीस अंगूठी,2पीस पाजेब एवं बच्चे के हाथ एवं पैर के चांदी का कड़ा की चोरी कर ली.

# गैस डिलीवरी को लेकर पंचायत स्तर के साथ नगर परिषद के तीन वार्डों पर गठित होगा नियंत्रण कक्ष

न्यूज स्केल अररिया

- बैठक में जिले में गैस वितरण की वर्तमान स्थिति और डिलीवरी प्रणाली की क्षमता की समीक्षा की गई।
- सभी गैस एजेंसियों को डिलीवरी क्षमता बढ़ाने और उपभोक्ताओं तक समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



अररिया में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में डीएम विनोद दूहन ने आत्मन सभागार में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के एरिया मैनेजरों तथा जिले की सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिले में गैस आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, वितरण प्रणाली की क्षमता और उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**डिलीवरी क्षमता बढ़ाने के निर्देश:** डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी गैस एजेंसियां अपनी डिलीवरी क्षमता को बढ़ाएं, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से एलपीजी गैस उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और पारदर्शी व मजबूत वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान एजेंसियों की मौजूदा डिलीवरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए।

**स्थानीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना:** जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन स्तर पर एलपीजी गैस आपूर्ति नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं। इन नियंत्रण कक्षों में पंचायत सचिव एवं संबंधित ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर वितरण व्यवस्था की निगरानी, शिकायतों का त्वरित निपटारा और समन्वय बेहतर तरीके से हो सके। इसके अलावा नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में तीन वार्डों को मिलाकर क्लस्टर बनाकर किसी सरकारी भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया।

**अधिकारियों और एजेंसियों की सहभागिता:** बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, सहायक आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# कटिहार में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएसओ

**कटिहार, (हि.स.)।** कटिहार में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर चल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की जानकारी दी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) सुशील कुमार ने बताया कि जिले के तीनों अनुमंडल क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है।




उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास 15,576 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। गुरुवार को 6,363 बुकिंग के मुकाबले 6,601 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जो मांग से अधिक है और आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। इसके अलावा 871 व्यावसायिक सिलेंडर भी स्टॉक में उपलब्ध हैं, जिससे होटल, संस्थान और अन्य व्यावसायिक इकाइयों की जरूरतें भी पूरी की जा रही हैं।

डीएसओ ने स्पष्ट किया कि आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सुचारू है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। जरूरतमंद संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 06452-239025 और 239026 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कटिहार रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में हासिल की कई उपलब्धियां

**कटिहार,** (हि.स.)। भारतीय रेलवे के कटिहार डिवीजन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। डिवीजन ने यात्री सेवाओं, परिचालन और सुरक्षा में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।




कटिहार रेल मंडल के डीआरएम ने शुक्रवार को बताया कि मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों की समयबद्धता 81.69% तक सुधरी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.54% अधिक है। पीओएल लोडिंग में 9% की वृद्धि हुई, 754 रेक (37,616 वैगन) दर्ज किए गए। यात्री राजस्व में 5.13% की वृद्धि, 909.84 करोड़ रुपये अर्जित। टिकट चेकिंग से 25.64 करोड़ रुपये की कमाई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42% अधिक है।

कटिहार डिवीजन ने 8 नई ट्रेनें शुरू कीं, जिनमें वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा और आराम मिलेगा। इसके अलावा, 25 से अधिक नए ट्रेन स्टॉपेज भी जोड़े गए हैं, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।डीआरएम ने बताया कि यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए यूटीएस प्रणाली का विस्तार और एटीवीएम मशीनों की स्थापना की गई है। अब यात्री अपने टिकट ऑनलाइन बुक कर सकते हैं और प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त कर सकते हैं। सुरक्षा में सुधार के लिए शून्य गंभीर दुर्घटना दर्ज की गई है, जो डिवीजन की सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता हैडिवीजन ने 27.59 करोड़ रुपये की बचत की, पूंजीगत व्यय का 100% उपयोग किया। नवाचार और अच्छा कार्य के लिए सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना और यांत्रिक नवप्रवर्तन किया गया है। इन प्रयासों से डिवीजन ने ऊर्जा की बचत की है और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया है। डीआरएम ने बताया कि वे यात्री सेवाओं और परिचालन में सुधार के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिवीजन का लक्ष्य यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा प्रदान करना है।

# जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य : जिलाधिकारी

**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की जानकारी दी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।



उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक 7616 से अधिक है। गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था भी सामान्य रूप से चालू है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और पूर्व की भांति दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

डीएम विशाल राज ने बताया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि एलपीजी गैस से संबंधित आज कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं थीं, जिनका त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# ठाकुरगंज PHC के प्रभारी बदले, डॉ. तेज नारायण रजक को मिली जिम्मेदारी

**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले के ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को बदल दिया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगाए गए आरोपों और विभागीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। सिविल सर्जन कार्यालय, किशनगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब तक ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के रूप में कार्यरत डॉ. अखलाकुर रहमान को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर डॉ. तेज नारायण रजक को नया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश में डॉ. अखलाकुर रहमान को निर्देश दिया गया





है कि पत्र निर्गत होने की तिथि से दो दिनों के भीतर वे अपना संपूर्ण प्रभार डॉ. तेज नारायण रजक को सौंप दें। साथ ही प्रभार हस्तांतरण से संबंधित सभी दस्तावेजों की प्रतियां भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। बताया गया है कि डॉ. तेज नारायण रजक वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दिघलबैंक में पदस्थापित हैं। उन्हें अतिरिक्त प्रभार देते हुए ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि डॉ. अखलाकुर रहमान पर एएनएम, सीएचओ सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने मानसिक प्रताड़ना, आर्थिक शोषण और कार्य में दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभागीय जांच भी की गई थी, जो बीते दिनों तक जारी रही। प्रभारी बदलने के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है। वहीं स्थानीय स्तर पर भी इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# होटल-रेस्टोरेंट में कोयले के चूल्हे, गैस की किल्लत का असर



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले में गैस की किल्लत अब रसोई से निकलकर सीधे बाजार तक पहुंच गई है। इसका सबसे ज्यादा असर होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर देखने को मिल रहा है। जहां आधुनिक किचन अब फिर से पुराने दौर की ओर लौटते नजर आ रहे हैं।गैस सिलेंडर की कमी ने मिठाई दुकानों और रेस्टोरेंट संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे हैं कि अब कोयले के चूल्हे पर मिठाइयाँ तैयार की जा रही हैं। धुएं और धीमी आंच के बीच काम करना मजबूरी बन गया है।

रेस्टोरेंट के स्टाफ बताते हैं कि गैस नहीं मिलने की वजह से वे पहले जितनी मिठाइयाँ नहीं बना पा रहे हैं। उत्पादन घट गया है और ग्राहकों की मांग पूरी करना चुनौती बन गई है। वहीं व्यवसायियों का कहना है कि अगर जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो स्वाद के साथ-साथ कारोबार पर भी इसका कड़वा असर और गहराता जाएगा।

# किशनगंज में अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई, 17 ट्रैक्टर जब्त, 18.56 लाख का जुर्माना

**किशनगंज,** (हि.स.)। किशनगंज जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विशाल राज और संतोष कुमार के निर्देश पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर 17 अवैध ट्रैक्टरों को जब्त किया। इनमें 12 ट्रैक्टर मिट्टी से लदे हुए थे, जबकि 5 ट्रैक्टर खाली पाए गए।



यह कार्रवाई सुनील कुमार एवं सदर थाना पुलिस की टीम द्वारा की गई। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि किशनगंज थाना क्षेत्र के जुलजुली गांव स्थित बाल सुधार गृह के समीप बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित छापेमारी की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई चालक वाहन छोड़कर भागने लगे, लेकिन प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को कब्जे में ले लिया।

जब्त किए गए ट्रैक्टरों को किशनगंज थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस मामले में संबंधित ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही उन पर कुल 18 लाख 56 हजार 400 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# दो बाइक की टक्कर में 5 घायल, एक की हालत नाजुक

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के पीरपैंती बाराहाट मुख्य सड़क एनएच-133 पर स्थित ओवरब्रिज के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कुल पांच लोग घायल हो गए।

हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में साहेबगंज जिला के सकरीगली निवासी उमेश रविदास के पुत्र पूरन रविदास गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके पीछे बैठी इनकी पत्नी को हल्की चोट लगी है।

बताया जा रहा है कि टक्कर के दौरान उनका जबड़ा उखड़ गया, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं अन्य घायलों में मो. जहांगीर, मुन्ना मंडल, सुदामा मंडल सहित अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठे और आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को उठाकर पीरपैंती रेफरल अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने पूरन रविदास की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# सहरसा एवं जमालपुर के बीच नई मेमू पैसेंजर ट्रेन सेवा प्रारंभ

**भागलपुर,** (हि.स.)। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा सहरसा एवं जमालपुर के बीच एक नई मेमू पैसेंजर ट्रेन सेवा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।



63398/63397 सहरसा–जमालपुर–सहरसा मेमू पैसेंजर दिनांक 7 अप्रैल 2026 से 63398 सहरसा–जमालपुर मेमू पैसेंजर सहरसा से 05:15 बजे प्रस्थान करेगी तथा परमिनिया हॉल्ट (आ./प्र.: 05:22/05:23 बजे), सोनबरसा कचहरी (आ./प्र.: 05:28/05:30 बजे), बाबा रघुनी हॉल्ट द्वारिका (आ./प्र.: 05:37/05:38 बजे), सिमरी बख्तियारपुर (आ./प्र.: 05:43/05:45 बजे), कोपरिया (आ./प्र.: 05:53/05:55 बजे), फंगो (आ./प्र.: 06:02/06:03 बजे), धमारा घाट (आ./प्र.: 06:09/06:11 बजे), बदला घाट (आ./प्र.: 06:18/06:20 बजे), मानसी जंक्शन (आ./प्र.: 06:38/06:40 बजे), खगड़िया जंक्शन (आ./प्र.: 06:50/06:52 बजे), उमेश नगर (आ./प्र.: 07:01/07:03 बजे), सबदलपुर जंक्शन (आ./प्र.: 07:13/07:15 बजे) तथा मुंगेर (आ./प्र.: 07:45/07:47 बजे) होते हुए 08:05 बजे जमालपुर पहुंचेगी।

वापसी दिशा में 63397 जमालपुर–सहरसा मेमू पैसेंजर जमालपुर से 21:45 बजे प्रस्थान करेगी तथा मुंगेर (आ./प्र.: 22:05/22:07 बजे), सबदलपुर जंक्शन (आ./प्र.: 22:20/22:22 बजे), उमेश नगर (आ./प्र.: 22:33/22:35 बजे), खगड़िया जंक्शन (आ./प्र.: 22:46/22:48 बजे), मानसी जंक्शन (आ./प्र.: 23:08/23:10 बजे), बदला घाट (आ./प्र.: 23:21/23:23 बजे), धमारा घाट (आ./प्र.: 23:30/23:32 बजे), फंगो (आ./प्र.: 23:38/23:39 बजे), कोपरिया (आ./प्र.: 23:47/23:49 बजे), सिमरी बख्तियारपुर (आ./प्र.: 00:04/00:06 बजे), बाबा रघुनी हॉल्ट द्वारिका (आ./प्र.: 00:13/00:14 बजे), सोनबरसा कचहरी (आ./प्र.: 00:21/00:23 बजे) तथा परमिनिया हॉल्ट (आ./प्र.: 00:28/00:29 बजे) होते हुए 01:00 बजे सहरसा पहुंचेगी।

यह भी उल्लेखनीय है कि 05509/05510 सहरसा – जमालपुर – सहरसा मेमू स्पेशल ट्रेन की सेवा दिनांक 07 अप्रैल 2026 से समाप्त कर दी जाएगी।

# मध्य पूर्व तनाव के बीच सुपौल में LPG आपूर्ति सामान्य, प्रशासन सतर्क

## » "पहले आओ, पहले पाओ (FIFO)" नियम के तहत पारदर्शी गैस वितरण व्यवस्था लागू | » गैस एजेंसियों को प्रतिदिन स्टॉक और वितरण सूची सार्वजनिक करने का निर्देश

**न्यूज स्केल सुपौल।**





मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर संभावित असर की आशंका के बीच सुपौल जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में फिलहाल गैस की उपलब्धता सामान्य है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं को नियमित और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

**FIFO नियम से पारदर्शिता पर जोर:** गैस वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए सभी एजेंसियों को "पहले आओ, पहले पाओ (FIFO)" नियम का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसियों को अपने दैनिक स्टॉक के अनुसार गैस वितरण की सूची तैयार कर उसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, यह भी बताया जा रहा है कि किस तिथि तक बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस मिल चुकी है, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक भ्रम का सामना न करना पड़े।

**भीड़ नियंत्रण के लिए सख्त इंतजाम:** गैस बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं द्वारा एजेंसी पर सीधे पहुंचने से भीड़ बढ़ रही थी, जिससे वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने भीड़-भाड़ वाले गैस गोदामों और एजेंसियों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की है। साथ ही, एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे बैकलॉग के अनुसार तिथिवार वितरण सूची सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ता अपनी बारी के अनुसार ही गैस प्राप्त करें।

**पर्याप्त स्टॉक, आपूर्ति में नहीं होगी बाधा:** जिले की कुल 51 गैस एजेंसियों में से 46 पर वर्तमान में एलपीजी गैस उपलब्ध है, जबकि शेष 5 एजेंसियों पर भी जल्द आपूर्ति होने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार, जिले में लगभग 13,040 गैस सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद है। 2 अप्रैल को 3,737 उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई गई, जबकि 22,125 उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित है। तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति को लगातार बनाए रखा जा रहा है। अस्पतालों और सरकारी संस्थानों के लिए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है।

**नियंत्रण कक्ष सक्रिय, कालाबाजारी पर कार्रवाई**

गैस आपूर्ति की निगरानी के लिए समाहरणालय स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। 3 अप्रैल को यहां 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका त्वरित समाधान किया गया। प्रशासन द्वारा अब तक घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग और कालाबाजारी के आरोप में तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं।

जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं और होम डिलीवरी व्यवस्था पर भरोसा रखें। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि जिले में एलपीजी की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# सफारी वाहन से 594 लीटर नेपाली व अंग्रेजी शराब के साथ वाहन जब्त, तस्कर फरार

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार**






बलुआ थाना पुलिस ने गुरुवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विशनपुर धिवराम पंचायत के गोरियाड़ी रोड से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से एक सफेद रंग की सफारी वाहन समेत कुल 594 लीटर नेपाली और अंग्रेजी शराब जब्त की है।

**गुप्त सूचना पर घेराबंदी**

पुलिस को सूचना मिली थी कि गोरियाड़ी रोड के रास्ते शराब की बड़ी खेप की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही बलुआ थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इलाके में घेराबंदी कर जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान संदिग्ध स्थिति में एक सफेद रंग की सफारी वाहन दिखाई दी।

**वाहन छोड़कर फरार हुआ तस्कर:** पुलिस टीम को देखते ही तस्कर वाहन समेत शराब की खेप छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई।

**इतनी मात्रा में बरामद हुई शराब:** जब्त शराब में 353 लीटर नेपाली दिलवाले सोफी शराब शामिल है। इसके अलावा 375 एमएल की 216 बोतल (81 लीटर) एमसी डेविल्स अंग्रेजी शराब और 500 एमएल की 30 बोतल (15 लीटर) किंगफिशर बीयर बरामद की गई। कुल मिलाकर 22 बोरी में 594 लीटर शराब जब्त की गई है।

**पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई:** थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने बताया कि शराब और वाहन को जब्त कर थाना लाया गया है। वाहन नंबर के आधार पर तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में शराब तस्करी की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# पिपरा विधानसभा का पश्चिमी मंडल भाजपा की बैठक संपन्न

**न्यूज स्केल सुपौल।**



सुपौल जिले के निर्मली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिपरा विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ऋषिदेव ने किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में पहले कई प्रशिक्षण कार्यक्रम हुए हैं, लेकिन मंडल स्तर पर इस प्रकार का प्रशिक्षण पहली बार आयोजित किया जा रहा है।

**नए कार्यकर्ताओं को दी जा रही वैचारिक समझ:** जिला अध्यक्ष ने बताया कि हाल के दिनों में बड़ी संख्या में नए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। ऐसे में उन्हें पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना से अवगत कराना बेहद जरूरी है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

**विचारधारा और राष्ट्रवाद पर जोर:** मंडल प्रशिक्षक सुरेंद्र नारायण पाठक और अशोक शर्मा ने भाजपा को एक विचार आधारित राजनीतिक दल बताते हुए कहा कि पार्टी "राष्ट्र प्रथम" की अवधारणा पर कार्य करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा में व्यक्तिवाद, जातिवाद या लिंगभेद का कोई स्थान नहीं है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को पार्टी की मूल भावना बताते हुए उन्होंने कहा कि "भारत माता" की अवधारणा देश की संस्कृति और जन-जन की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है।

**कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण का आह्वान:** बैठक में वक्ताओं ने एकात्म मानववाद के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि यह दर्शन समाज के समग्र विकास और सुख की कल्पना करता है। भाजपा की पांच निष्ठाओं को अपनाकर कार्यकर्ता लोकहित में लगातार काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी मनोज पाठक, जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव मंडल सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया।

# लतौना कैथोलिक चर्च में श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया गुड फ्राइडे, प्रभु यीशु के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज:**





नगर परिषद क्षेत्र के लतौना स्थित कैथोलिक चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे गहरी आस्था, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा, किशोरियों, बच्चों एवं बुजुर्ग ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लिया। प्रार्थना सभा का संचालन चर्च के प्रमुख पुरोहित फादर डेविड इलियास ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रभु यीशु मसीह के बताए प्रेम, क्षमा और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया गया। सभा में फादर अर्थुन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रार्थना में

गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए उनकी सात वाणियों का पाठ किया गया। फादर डेविड इलियास ने कहा कि यह दिन मानवता के लिए त्याग, प्रेम और क्षमा का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एक-दूसरे को क्षमा करें, क्योंकि क्षमा ही सच्चे ईसाई जीवन का आधार है। बताया गया कि गुड फ्राइडे, प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। इसके एक दिन पूर्व माउंडी थर्सडे मनाया जाता है, जिस दिन यीशु ने अपने 12 शिष्यों के पैर धोकर सेवा और विनम्रता का संदेश दिया था। वहीं, सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने की खुशी में ईस्टर पर्व मनाया जाता है।

ईसाई समुदाय के लिए गुड फ्राइडे अत्यंत महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन कई श्रद्धालु उपवास रखते हैं और सादगी के साथ प्रभु से अपने पापों की क्षमा मांगते हैं। चर्च में विशेष रूप से शांति और गंभीरता का वातावरण रहता है—न घंटियां बजाई जाती हैं और न ही दीप प्रज्वलित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बाहर में तेज धूप और गर्मी को लेकर चर्च के अंदर ही प्रभु यीशु मसीह की झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

# बिहार प्रजापति समन्वय समिति बसंतपुर के तत्वावधान में सम्मान समारोह

**न्यूज स्केल सुपौल।**



बिहार प्रजापति समन्वय समिति प्रखंड इकाई बसंतपुर के तत्वाधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रजापति निवास वीरपुर में किया गया।

उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित प्रखंड कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वजातीय विकास पर चर्चा की गई। तदोपरांत बसंतपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिता कुमारी के द्वारा बच्चों की शिक्षा किस प्रकार से होनी चाहिए इस पर प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष के द्वारा स्वजातीय उत्थान के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करने को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रजापति समाज के रामेश्वर पंडित के सुपुत्र नीरज कुमार एवं सुरेश पंडित के सुपुत्र सोनू कुमार को बीईओ अनिता कुमारी एवं सेवा निवृत प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार पंडित के द्वारा पुष्प माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में नीरज कुमार ने अपने माता पिता को अपनी उपलब्धि का श्रेय दिया।वही सोनू कुमार ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने दादा जी सुवंश पंडित ,अपने माता पिता के साथ अपने प्रथम गुरु न्यू कैंब्रिज स्कूल के निदेशक मिथिलेश कुमार झा को दिया।

उक्त अवसर पर रामदेव पंडित,राजेश पंडित,सतीश पंडित,रामेश्वर पंडित,सौरव पंडित नरेश पंडित,डॉ विष्णुदेव पंडित जगदीश पंडित,विक्रांत पंडित ,ज्योति पंडित ,सुलोचना पंडित,शांति देवी,सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# वीरपुर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मना

## छात्रों को खेल-कूद, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई

**न्यूज स्केल, वीरपुर।**



वीरपुर स्थित न्यू कैंब्रिज रेसिडेंशियल स्कूल परिसर में क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण से हुई, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के गगनभेदी नारों से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

**कबड्डी प्रतियोगिता में दिखा रोमांच और जोश:** कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लड़कियों के मुकाबले में 'लक्ष्मीबाई' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 'अहिल्याबाई' टीम ने कड़ी टक्कर दी। वहीं लड़कों के वर्ग में 'महाराणा प्रताप' टीम ने रोमांचक मुकाबले में 'शिवाजी' टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के जोश, टीमवर्क और खेल भावना ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

**समापन पर सर्वांगीण विकास पर जोर:** कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के निदेशक, प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में खेल भावना और अनुशासन को प्रोत्साहित किया, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों के प्रति उनकी आस्था को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

**अतिथियों ने बच्चों को किया प्रेरित:** इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांत पदाधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा हनुमान जी के जीवन से मिलने वाली प्रेरणाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं, जिनसे हमें अनुशासन, समर्पण और साहस की सीख मिलती है। बच्चों को खेल-कूद के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया

# कचरे में तब्दील हुआ पोखर, बदबू और बीमारी के साए में जी रहे लोग

## बार-बार शिकायत के बावजूद नगर परिषद बेपरवाह, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 5 के मंगल बाजार स्थित एक पुराना पोखर इन दिनों कचरे का ढेर बन चुका है। कभी जलस्रोत के रूप में उपयोग होने वाला यह पोखर अब गंदगी, प्लास्टिक और सड़ते कचरे से पूरी तरह पाट दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद नगर परिषद प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं दिख रहा है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को बदबू से बचने के लिए नाक पर रुमाल या कपड़ा रखना पड़ता है। आसपास के लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही यहां से उठने वाली दुर्गंध असहनीय हो जाती है, जिससे रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह जगह अब मच्छरों और कीटों का अड्डा बन गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि स्वच्छता के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाला प्रशासन जमीनी स्तर पर पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। अगर समय रहते सफाई और ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो यह गंदगी किसी बड़ी बीमारी का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से अविलंब सफाई अभियान चलाकर इस पोखर को कचरा मुक्त करने और नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

इस सम्बंध में वार्ड पार्षद महेश कुमार ने बताया जल्द ही यहां व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि नागरिकों को गंदगी से निजात मिल सके।

# 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार

**न्यूज़ स्केल नालंदा**

नालंदा के बिहारशरीफ स्थित राजगीर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के दूसरे दिन कुल छह मुकाबले खेले गए। पूरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न राज्यों की टीमों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को और भी प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया।

**आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली का दबदबा**: दिन के पहले मैच में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी को 3-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में मिजोरम ने



असम को 6-0 से एकतरफा शिकस्त दी। तीसरे मैच में दिल्ली ने पश्चिम बंगाल को 9-1 के बड़े अंतर से हराकर अपनी मजबूत स्थिति का परिचय दिया। इन मैचों में खिलाड़ियों की आक्रामक रणनीति और टीम समन्वय देखने को मिला।

**तेलंगाना की ऐतिहासिक जीत और अन्य परिणाम**: चौथे मुकाबले में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से हराकर दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। पांचवें मैच में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जो 2-2 से ड्रॉ रहा। अंतिम मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश को 7-2 से हराकर अपने अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।

**अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह**: :कार्यक्रम में

**01: दिल्ली ने पश्चिम बंगाल को 9-1 से हराया, वहीं तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी।**

-------------

**02 : कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा, जबकि छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश को 7-2 से हराया।**

मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार खेल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजगीर अब अंतरराष्ट्रीय खेलों का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को भी आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

# एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी निगरानी, डोर-स्टेप डिलीवरी जारी

**न्यूज़ स्केल नवादा**

प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। वर्तमान में किसी प्रकार की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ वितरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**नियंत्रण कक्ष से शिकायतों का त्वरित निष्पादन**: जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां शिकायतों के समाधान के लिए कर्मियों की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06324-212122 पर अब तक 244 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 208 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। प्रशासन द्वारा शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।




**जमाखोरी पर रोक हेतु धावा दल सक्रिय**: जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रखंडों में धावा दलों का गठन किया है। इन दलों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित थाना के पदाधिकारी शामिल हैं। इन दलों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

**सिलेंडर उपलब्धता पर्याप्त, वितरण सुचारू**: तेल कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 13,059 एलपीजी सिलेंडर जिले में उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 3548, बीपीसीएल के 7055 एवं आईओसीएल के 2456 सिलेंडर शामिल हैं। यह उपलब्धता जिले की मांग के अनुरूप पर्याप्त है। सभी गैस एजेंसियों के माध्यम से डोर-स्टेप डिलीवरी के जरिए उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

# नालंदा जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलिडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : डीएम

**न्यूज़ स्केल नालंदा,**

बिहारशरीफ में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की उपलब्धता को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के जिला नोडल पदाधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है।

**रिफिलिंग नियम और** PNG **कनेक्शन पर जोर** :जिला पदाधिकारी ने बताया कि




विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले के बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में PNG पाइपलाइन बिछाई गई है तथा अब तक लगभग 1200 PNG कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां PNG कनेक्शन अवश्य लें।

**कंट्रोल रूम और शिकायत निवारण व्यवस्था** :डीएम ने बताया कि एलपीजी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर 06112-233168) संचालित किया जा रहा है। उपभोक्ता इस नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की तथा कहा कि गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू सिलिंडर के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

**54 एजेंसियों के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था**: जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में तीनों तेल कंपनियों की कुल 54 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से लगभग 9118 घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था सुचारु है और किसी प्रकार की कमी की सूचना अब तक नहीं मिली है। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय पर ही रिफिलिंग के लिए आवेदन करें।

# बिहार के नवादा जिले में थैले में रखा बम फटा, बच्चा घायल, दो गिरफ्तार

**नवादा,** (हि.स.)। नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के अमावाँ पश्चिमी पंचायत अंतर्गत भावा बिगहा गांव में शुक्रवार को थैले में रखा बम अचानक फटने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

बताया जाता है कि गांव निवासी श्याम सुंदर सिंह के मकान में दो बच्चे साइकिल चलाने के लिए घर में रखी साइकिल निकालने गए थे। इसी दौरान साइकिल के पास एक थैले में बम टंगा हुआ रखा था। साइकिल निकालने के क्रम में थैला झूलकर नीचे गिर गया और अचानक जोरदार विस्फोट हो गया।



विस्फोट की चपेट में आकर दीपक कुमार के पुत्र युवराज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके में युवराज के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए।

घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

सूचना मिलते ही रजौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में उमा सिंह और सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं घटनास्थल पर चलंत फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब प्रतिभाओं का 'आइडियल 40' बना उड़ान का मंच, सभी छात्रों ने बोर्ड में लहराया सफलता का परचम

**सीवान** : सीवान शहर में स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में संचालित निःशुल्क शिक्षा केंद्र आइडियल 40 ने इस वर्ष बिहार बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। आईपीएस अधिकारी विकास वैभव की मुहिम "लेट्स इंस्पायर बिहार" के तहत संचालित इस केंद्र के सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि ने शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**मुफ्त शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर**: आइडियल 40 की विशेषता यह है कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को दो



वर्षों तक पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को आध्यात्मिक शिक्षा, योग और ध्यान का भी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उनका समग्र विकास हो सके। संस्था का उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता नहीं, बल्कि छात्रों को जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास से आगे बढ़ाना है।

**छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**: इस वर्ष छात्रा मुस्कान कुमारी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं आमना खातून ने 90.4 प्रतिशत, सोनू कुमार और सुनीता कुमारी ने 90-90 प्रतिशत, अफसरी परवीन ने 89.2 प्रतिशत तथा प्रीति कुमारी ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**संस्थापक और शिक्षकों ने बढ़ाया उत्साह**: कार्यक्रम के दौरान डॉ. रजनीश वर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी कभी भी प्रतिभा की राह में बाधा नहीं बनती, यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो हर छात्र सफलता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कई शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आइडियल 40 की इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और सही दिशा के साथ हर छात्र ऊंचाइयों को छू सकता है।

# बेतिया में गैस वितरण में अनियमितताओं पर प्रशासन सख्त, औचक निरीक्षण में खुली पोल

**न्यूज़ स्केल बेतिया**

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बेतिया प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। बेतिया में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर उठ रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय टीम ने औचक निरीक्षण शुरू किया। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम में एडीएसओ, एसडीओ बेतिया सदर और संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी शामिल थे।

**वेंडरों पर होगी सख्त कार्रवाई**: प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषी पाए गए डिलीवरी कर्मियों के खिलाफ विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित थानों को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं ताकि ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके। प्रशासन का कहना है कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की मनमानी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




**पारदर्शिता के लिए नई व्यवस्था और अपील**: गैस वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने नई रणनीति तैयार की है। जिले के सभी एमओ (MO) को तेल कंपनियों के मार्केटिंग अधिकारियों के साथ टैग किया गया है, ताकि हर एजेंसी की नियमित जांच हो सके और सीरियल नंबर के आधार पर ही सिलेंडर वितरण सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में जिले में 18,122 गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और समस्या होने पर जिला कंट्रोल रूम के नंबर 06254-247002 और 06254-247003 पर शिकायत दर्ज कराएं।

**निरीक्षण में उजागर हुई गड़बड़ियां**: औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि गैस वितरण प्रणाली में कई गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। जांच में सामने आया कि कुछ डिलीवरी कर्मी (वेंडर) उन उपभोक्ताओं के नाम पर बुक किए गए सिलेंडर किसी अन्य व्यक्ति को सौंप रहे थे। इससे पारदर्शिता और नियमों का उल्लंघन हो रहा था। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित वेंडरों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

# सारण में होप हॉस्पिटल के कर्मी पर नाबालिग मरीज से दुष्कर्म का आरोप

**सारण,** (हि.स.)शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित भरत मिलाप चौक के पास स्थित होप हॉस्पिटल से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां इलाज कराने आई एक नाबालिग बच्ची के साथ अस्पताल के ही एक कर्मी पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है।

जानकारी के अनुसार परिजनों ने बच्ची की तबीयत खराब होने पर उसे उक्त अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी दौरान कथित रूप से यह घटना घटी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल स्थानीय थाना को सूचित किया। सूचना



पर भगवान बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी कर्मी को हिरासत में ले लिया।

सारण के एसएसपी विनीत कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी की पहचान मोनू कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच की जा रही है और पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा जाएगा।

# छपरा में एयरो क्लब ऑफ इंडिया का दल सात को करेगा निरीक्षण

**सारण,** (हि.स.)। छपरा के विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई ऊँचाई देने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयासों से छपरा में बंद पड़े पुराने हवाई अड्डे के पुनरुद्धार की कवायद तेज हो गई है।

इसी कड़ी में हवाई प्रशिक्षण और एयरो स्पोर्ट्स की संस्था एयरो क्लब ऑफ इंडिया का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी 7 अप्रैल को हवाई अड्डे का निरीक्षण करेगा।

सांसद कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सांसद रूडी ने बताया कि सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्वीकृति के बाद अब छपरा शहर स्थित अंग्रेजों के जमाने के हवाई अड्डे को आरसीएस उड़ान योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। यहाँ से जल्द ही छोटे विमानों का परिचालन शुरू होगा।

सांसद रूडी के अनुसार बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र भेजकर छपरा सहित राज्य के पाँच प्रस्तावित हवाई अड्डों को इस योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है।

# सारण में झपट्टा मार गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

**सारण,** (हि.स.)। जिले की अमनौर थाना पुलिस और एसआईटी ने अंतरजिला झपट्टा मार गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो बाइक पर सवार होकर महिलाओं से गहनों की छिनतई करते थे। इनके पास से 51.02 ग्राम सोने जैसे आभूषण और एक छोटा गैस सिलेंडर बरामद किया गया है

पिछले कुछ दिनों में अमनौर बाजार, तरैया, मशरख और दाउदपुर थाना क्षेत्रों में छिनतई की कई वारदातें सामने आईं। इन घटनाओं ने पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती खड़ी कर दी थी, जिसके बाद अमनौर थाना



कांड संख्या-56/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मढ़ौरा एक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया।

इस टीम में अमनौर, तरैया थाना और जिला आसूचना इकाई के अधिकारियों को शामिल किया गया। तकनीकी साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और मानवीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को दबोच लिया। इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों की पहचान मनीष कुमार मिश्रा और मणिकांत कुमार जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है।

गिरफ्तार अभियुक्त मनीष मिश्रा पर पहले से भी कई जिलों मामला दर्ज हैं । पुलिस अब इस गिरोह के अन्य नेटवर्क और छिनतई के सामान खरीदने वालों का पता लगाने में जुटी है।

# ‘शब्द नहीं शक्ति है’ : अरिदमन के साथ भारत की नौसैनिक ताकत में बड़ा इजाफा, INS तारागिरी भी कमीशन




**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत ने अपनी सामरिक समुद्री क्षमता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए तीसरी परमाणु ऊर्जा से संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी INS अरिदमन को नौसेना में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही मल्टी-रोल वॉरशिप INS तारागिरी को भी कमीशन किया गया। विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाग लिया।
सूत्रों के अनुसार, अरिदमन के शामिल होने के साथ भारत के न्यूक्लियर ट्रायड को और मजबूती मिली है। यह पनडुब्बी भारत की SSBN परियोजना का हिस्सा है और देश की तीसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी है। इससे पहले INS अरिहंत और INS अरिघात नौसेना में शामिल की जा चुकी हैं। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियों की क्षमता है।
कमीशनिंग से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स (X) हैंडल पर “शब्द नहीं शक्ति है, ‘अरिदमन’ !” लिखकर इस उपलब्धि का संकेत दिया था। वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अरिदमन की तस्वीर साझा करते हुए इसे भारत के अजेय साहस का प्रतीक बताया।
दूसरी ओर, INS तारागिरी को आधुनिक मल्टी-रोल वॉरशिप के रूप में विकसित किया गया है, जो उच्च तीव्रता वाले युद्ध अभियानों से लेकर समुद्री सुरक्षा, तटीय निगरानी, समुद्री डकैती विरोधी अभियानों और मानवीय सहायता मिशनों तक में सक्षम है। यह जहाज लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक से निर्मित है, जो भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।तारागिरी को P-17A श्रेणी का चौथा युद्धपोत बताया गया है, जिसे वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो के इंजीनियरों ने डिजाइन किया और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने तैयार किया है। विशाखापत्तनम में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विशाखापत्तनम एक बार फिर भारत की नौसैनिक शक्ति के प्रदर्शन का केंद्र बना।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच ब्रेंट क्रूड का भाव पहुंचा 109 डॉलर के पार



**नई दिल्ली,** (हि.स.) पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला रहा है। होर्मुज के जरिए तेल की सप्लाई में बाधा पैदा होने के कारण ब्रेंट क्रूड लगभग आठ फीसदी उछलकर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।
अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को कारोबार के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान पर अगले 2 से तीन हफ्तों में संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनी के बाद कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ने से क्रूड ऑयल के दाम में तेजी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स करीब आठ फीसदी उछलकर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 111.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता देखा गया।
पश्चिम एशिया में जारी संकट से साप्ताहिक आधार पर भी कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड में पिछले शुक्रवार के मुकाबले 11.94 फीसदी की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, ब्रेंट क्रूड की कीमत में इसी अवधि के दौरान 3.14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो बाजार में अस्थिरता को दर्शाती है।

**01: अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 8% उछलकर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।**

---

**02 : डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स भी बढ़कर 111.54 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेड करता देखा गया।**

---

**03 : डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनी के बाद बाजार में तेजी आई।**

---

# रिजर्व बैंक ने आरबीएल बैंक के अधिग्रहण के लिए एमिरेट्स एनबीडी बैंक को दी मंजूरी




**नई दिल्ली,** (हि.स.) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया Reserve Bank of India (आरबीआई) ने दुबई स्थित Emirates NBD बैंक को RBL Bank में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद बैंक को विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा और यह “सब्सिडियरी मॉडल” के तहत संचालित होगा।

**आरबीआई की मंजूरी और शर्तें**
आरबीआई ने यह मंजूरी 1 अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। इसके तहत एमिरेट्स एनबीडी को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी में कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखनी होगी। साथ ही, आरबीआई ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत ईएनबीडी के मतदान अधिकार को कुल 26 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है।

**निवेश प्रस्ताव और नियामकीय प्रक्रिया:** एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में लगभग 26,853 करोड़ रुपये में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव को पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग Competition Commission of India (CCI) की मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके अलावा, इस सौदे को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड Securities and Exchange Board of India (SEBI) के नियमों और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम FEMA सहित अन्य नियामकीय शर्तों का पालन करना होगा।

**अन्य प्रावधान और आगे की प्रक्रिया:** आरबीआई ने ईएनबीडी को ‘सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस’ की शर्त से अस्थायी छूट दी है। साथ ही, बैंक को अपने आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेनी होगी। यह सौदा अन्य शर्तों और निवेश समझौते के अनुपालन के अधीन पूरा होगा, जिससे भारत के बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

# अमृत समान मुलेठी : सेहत के लिए कई लाभों से भरपूर प्राकृतिक औषधि



**नई दिल्ली,** (हि.स.)मुलेठी एक प्राचीन औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसका उपयोग आयुर्वेद में सदियों से किया जा रहा है। यह स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। मुलेठी मुख्य रूप से गले की समस्याओं जैसे खराश, सूखी खांसी और बलगम में राहत प्रदान करती है। यह श्वसन तंत्र को मजबूत बनाकर फेफड़ों की सफाई में मदद करती है। पाचन तंत्र के लिए भी मुलेठी उपयोगी है, क्योंकि यह एसिडिटी, गैस और पेट में जलन को कम करती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और संक्रमण से बचाव में सहायता करते हैं। इसके नियमित सेवन से ऊर्जा स्तर भी बेहतर रहता है। त्वचा और बालों के लिए भी मुलेठी फायदेमंद मानी जाती है। यह त्वचा को निखारने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करती है, जिससे यह एक संपूर्ण प्राकृतिक औषधि के रूप में जानी जाती है।

# बड़ी इलायची के फायदे : पाचन से लेकर हृदय और इम्यूनिटी तक के लिए फायदेमंद मसाला



**नई दिल्ली,** (हि.स.)बड़ी इलायची एक सुगंधित मसाला है, जिसका उपयोग न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए बल्कि औषधीय गुणों के कारण भी किया जाता है। इसका नियमित और संतुलित सेवन शरीर को कई प्रकार से लाभ पहुंचा सकता है। यह पाचन तंत्र से लेकर हृदय और श्वसन स्वास्थ्य तक पर सकारात्मक असर डालती है।

**पाचन तंत्र और गट हेल्थ में सुधार:** बड़ी इलायची का सबसे बड़ा लाभ पाचन से जुड़ा है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व गैस, ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। यह पाचन एंजाइम्स को सक्रिय कर भोजन को बेहतर तरीके से पचाने में सहायक होती है। जिन लोगों को अक्सर पेट फूलने या भारीपन की समस्या रहती है, उनके लिए इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। साथ ही, यह मुंह की दुर्गंध (बैड ब्रेथ) को भी दूर करने में मदद कर सकती है।

**हार्ट हेल्थ को बनाए मजबूत**
बड़ी इलायची का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। यह ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में सहायक हो सकती है, जिससे दिल पर दबाव कम पड़ता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में सूजन को कम करने और रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। हृदय रोगियों को इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**सर्दी-खांसी और इम्यूनिटी में लाभ:** बड़ी इलायची श्वसन संबंधी समस्याओं जैसे कफ, जुकाम और सीने में जकड़न से राहत दिलाने में मदद कर सकती है। इसके सेवन से गले को आराम मिलता है और सांस लेने में आसानी होती है। इसके अलावा, इसमें मौजूद पोषक तत्व इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर शरीर को संक्रमण से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं।

# राशिफल : 04 अप्रैल, 2026


मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक.5.6.8


मिथुन : शनैरू. शनैरू स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल.मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक.2.6.9


सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक.4.6.7


तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक.1.5.7


धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख.आराम प्रभावित होगा। धम.कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक.2.6.8


कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक.3.8.9


वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान.सम्मान बढ़ेगा। शुभांक.6.7.8


कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक.6.7.9


कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन.देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक.4.6.8


वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह.सबेरे निपटा लें। शुभांक.5.6.8


मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक.5.6.9


मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। शुभांक.3.5.6

# पंचांग : 04 अप्रैल, 2026

4 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र तुला में
मंगल मीन में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
रहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.24 बजे से
वृष 08.04 बजे से
मिथुन 10.02 बजे से
कर्क 12.16 बजे से
सिंह 14.32 बजे से
कन्या 16.44 बजे से
तुला 18.54 बजे से
वृश्चिक 21.09 बजे से
धनु 23.25 बजे से
मकर 01.30 बजे से
कुंभ 03.17 बजे से
मीन 04.50 बजे से
शनिवार 2026 वर्ष का 94 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 10.10 बजे को समाप्त।
नक्षत्र स्वाती 21.36 बजे को समाप्त।
योग हर्षण 14.17 बजे को समाप्त।
करण गर 10.10 बजे तदनन्तर वणिज 23.02 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 15.9 घण्टे
रव क्रान्ति उत्तर 050 37
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872669
जूलियन दिन 2461134.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल
तारीख 15

# उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' भारत के समुद्री बेड़े में शामिल, नौसेना की ताकत बढ़ीउरुग्वे




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय नौसेना को एक बड़ी रणनीतिक मजबूती देते हुए उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस 'तारागिरी' को आधिकारिक तौर पर बेड़े में शामिल कर लिया गया। विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका कमीशनिंग किया। ऐसे समय में इसकी तैनाती हुई है जब हिंद महासागर क्षेत्र और पूर्वी समुद्री तट का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 'तारागिरी' के शामिल होने से भारत की समुद्री निगरानी, युद्ध क्षमता और दूरदराज क्षेत्रों में ऑपरेशनल पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित यह चौथा स्टेल्थ फ्रिगेट करीब 6,670 टन वजनी है और इसे Mazagon Dock Shipbuilders Limited ने तैयार किया है। यह केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का मजबूत प्रतीक भी है। इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है और इसके निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई जुड़े रहे हैं। संयुक्त डीजल या गैस आधारित प्रणोदन प्रणाली से लैस यह जहाज उच्च गति और लंबी दूरी तक संचालन में सक्षम है।

'तारागिरी' का हथियार प्रणाली अत्याधुनिक है, जिसमें सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की एयर डिफेंस मिसाइलें और उन्नत पनडुब्बी रोधी प्रणाली शामिल हैं। इन सभी को आधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे किसी भी खतरे का सटीक और तेज जवाब दिया जा सकता है। यह जहाज युद्ध के साथ-साथ मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों और रणनीतिक चोक पॉइंट्स की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रही है। वहीं नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी ने बताया कि पिछले एक वर्ष में नौसेना ने कई नए प्लेटफॉर्म शामिल किए हैं, जिससे उसकी ताकत और जवाबदेही दोनों बढ़ी हैं। 'तारागिरी' इस दिशा में एक और मजबूत कदम है।

## चुनाव 26 : ममता बनर्जी का भाजपा पर निशाना, अमित शाह पर भी कसा तंज




**कोलकाता,** (हि. स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर दक्षिण दिनाजपुर के हरिरामपुर में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार के समर्थन में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अमित शाह के राज्य में लंबे समय तक रहने से भी उनकी पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के लगातार चेहरे देखने से जनता का रुझान उनके खिलाफ जाता है। उन्होंने भाजपा पर बंगाल को विभाजित करने की साजिश का आरोप लगाते हुए सीटों के पुनर्विन्यास और अलग राज्य बनाने की कथित योजना की बात कही। मुख्यमंत्री ने मतदान के दौरान केंद्रीय बलों के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए भाजपा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाया और लोगों से बैंक विवरण साझा न करने की अपील भी की।

## जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा राष्ट्र की अमूल्य पूंजी : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली** (हि.स.)। द्रौपदी मुर्मु ने देश के युवाओं, खासकर जनजातीय समुदाय के खिलाड़ियों को राष्ट्र की अमूल्य सामाजिक पूंजी बताते हुए उन्हें खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान किया है। एक लेख के माध्यम से उन्होंने कहा कि ग्रामीण और वन क्षेत्रों में मौजूद प्राकृतिक प्रतिभा को यदि सही प्रशिक्षण और संसाधन मिलें, तो भारत खेल जगत में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।



**प्राकृतिक प्रतिभा को पहचानने की जरूरत:** राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के बच्चे सीमित संसाधनों में भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। वे मिट्टी, पेड़ों और प्राकृतिक वस्तुओं से खेल के साधन बनाकर उत्साहपूर्वक खेलते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस स्वाभाविक ऊर्जा को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना आवश्यक है।

**ऐतिहासिक विरासत और प्रेरणा** राष्ट्रपति ने जनजातीय समाज की तीरंदाजी परंपरा और संताल हूल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कौशल सदियों से उनकी पहचान रहा है। उन्होंने एकलव्य को प्रेरणा स्रोत बताते हुए युवाओं को समर्पण और मेहनत का संदेश दिया।

**खेल से सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण:** मुर्मु ने खेलो इंडिया अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल आत्मविश्वास और टीम भावना बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान भी दिलाते हैं। राष्ट्रपति ने अंत में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा— "खेलो इंडिया! खूब खेलो इंडिया!"

**अंजलि मुंडा बनी प्रेरणा:** उन्होंने ओडिशा की 15 वर्षीय खिलाड़ी अंजलि मुंडा का उदाहरण दिया, जिसने खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026 में तीन स्वर्ण पदक जीतकर सभी को प्रेरित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह उपलब्धि बताती है कि जनजातीय क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## मप्र के रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होगा कृषि महोत्सव



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के रायसेन स्थित दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कृषि महोत्सव–प्रदर्शनी का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं 13 अप्रैल को समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शामिल होंगे। इस दौरान क्षेत्र के लिए समग्र कृषि रोडमैप भी जारी किया जाएगा।

कृषि मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार दशहरा मैदान रायसेन में आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर का कृषि मेला आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें नई कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, ड्रोन तकनीक, आधुनिक मशीनरी, सूक्ष्म सिंचाई, पशुपालन, मत्स्यपालन, कृषि प्रसंस्करण और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जुड़े सैकड़ों स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां किसान न केवल जानकारी प्राप्त करेंगे बल्कि व्यवहारिक प्रशिक्षण भी ले सकेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि लगभग 300 स्टॉलों वाली यह प्रदर्शनी खेती के पूरे इकोसिस्टम को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगी। इसमें कृषि, बागवानी, डिजिटल खेती, फसल बीमा, उर्वरक, कीटनाशक, स्टार्टअप्स और विभिन्न संस्थानों की भागीदारी रहेगी।

समापन सत्र में रायसेन, विदिशा, सीहोर और आसपास के एग्रो-क्लाइमेटिक क्षेत्र के लिए विशेष कृषि रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने और किसानों की बाजार तक पहुंच मजबूत करने पर फोकस रहेगा।

महोत्सव के दौरान सेमिनार, प्रशिक्षण सत्र, लाइव डेमो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## असम को नहीं बनने देंगे लव जेहाद एवं लैंड जेहाद की धरती : योगी आदित्यनाथ

**बरपेटा (असम),** (हि.स.)। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को असम के बरपेटा में राजग उम्मीदवार दीपक कुमार दास के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और एआईयूडीएफ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव से पहले ही मैदान छोड़ चुकी है, जबकि एआईयूडीएफ पर भी उन्होंने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उसे जनता जवाब देने के लिए तैयार है।

**घुसपैठ और डेमोग्राफी का मुद्दा:** योगी ने अपने भाषण में घुसपैठ को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए कहा कि असम की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजग सरकार एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उसे बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार, कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने घुसपैठ को बढ़ावा देकर राज्य की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचाया है।



**डबल इंजन सरकार पर जोर** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "डबल इंजन सरकार" विकास और सुरक्षा दोनों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर में सड़क, रेल, हवाई अड्डे और जलमार्गों के जरिए कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़े संस्थानों की स्थापना की जा रही है, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

**सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख:** योगी आदित्यनाथ ने असम की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जिक्र करते हुए कामाख्या मंदिर, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और महान संत श्रीमंत शंकरदेव की परंपरा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि असम की यह धरोहर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करती है। साथ ही उन्होंने रंगाली बिहू के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

**कांग्रेस पर ऐतिहासिक उपेक्षा का आरोप:** योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने दशकों तक असम में अराजकता, दंगे और कर्फ्यू को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ही भूपेन हजारिका और गोपीनाथ बोरदोलोई को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। अंत में उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए राजग के पक्ष में मतदान करें।

## कंपनी में इंवेस्टमेंट के नाम पर 6 करोड़ की धोखाधड़ी : स्थानीय पीडित ने कई लोगों से धन लेकर निवेश कराया

**जोधपुर** (हि. स.)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-18 ई निवासी रमेश पुरी के साथ निवेश के नाम पर करीब पांच–छह करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अदालत के माध्यम से महामंदिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में आरोप है कि महेश किशन मोतेवार और अन्य लोगों ने समृद्ध जीवन मल्टी स्टेट मल्टी प्रपोज कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड तथा समृद्ध जीवन फूड्स इंडिया लिमिटेड के नाम पर निवेश का झांसा दिया।




पीड़ित के अनुसार विनोद डांगी ने उनसे संपर्क कर कंपनी में एजेंट बनने और अन्य लोगों से निवेश कराने पर अधिक मुनाफे का प्रलोभन दिया। इसके बाद उन्हें जोधपुर और पुणे में आयोजित बैठकों में बुलाया गया, जहां कंपनी के कार्य, परियोजनाओं और व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और भरोसा दिलाया गया कि निवेश सुरक्षित रहेगा और समय पर लाभ सहित राशि वापस मिलेगी।विश्वास में आकर पीड़ित ने अपने साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग किश्तों में करीब 5 से 6 करोड़ रुपये कंपनी और उसके प्रतिनिधियों को जमा कराए। समयावधि पूरी होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया और संपर्क करने पर आरोपी टालमटोल करने लगे तथा बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## मालदा की घटना पर भाजपा का आरोप, न्यायिक अधिकारियों पर हमले को लेकर तृणमूल पर निशाना



**कोलकाता,** (हि. स.)। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए है। पोस्ट में भाजपा ने दावा किया कि मोफाकरुल इस्लाम नामक व्यक्ति, जिसे तृणमूल नेताओं का करीबी है, को मालदा में न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ भीड़ का नेतृत्व करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। भाजपा के अनुसार, घटना उस समय हुई जब न्यायिक अधिकारी एसआईआर ड्यूटी में तैनात थे और उनके खिलाफ हिंसक भीड़ एकत्रित की गई। इस प्रकार के लोगों को पिछले एक दशक से तृणमूल के संरक्षण में हिंसक गतिविधियां और विरोध प्रदर्शन करने की छूट दी गई है। अपने पोस्ट में भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब बदलाव चाहती है और "बांचते चाई, ताई भाजपा चाई" जैसे नारों के साथ अपनी राय व्यक्त कर रही है। हालांकि, इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। भाजपा ने अपने पोस्ट में सबूत के तौर पर कुछ तस्वीरें भी साझा की जिसमे आरोपित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य नेताओं के साथ दिख रहा है।

# समंदर में आमने-सामने चीन और अमेरिका, पनामा-ध्वज वाले जहाजों पर टकराव तेज



**क्या है पूरा मामला:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच चीन और अमेरिका के बीच समुद्री क्षेत्र में टकराव की स्थिति बन गई है। आरोप है कि चीन ने पनामा के ध्वज वाले कई जहाजों को रोककर उनकी जांच की और कुछ समय के लिए हिरासत में लिया। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

-----------------------------------

**पनामा नहर पर बढ़ती रणनीतिक जंग:** यह विवाद पनामा नहर को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा से जुड़ा है। यह नहर वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है और अमेरिका इसे सैन्य व आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानता है। डोनाल्ड ट्रंप पहले भी चीन पर इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का आरोप लगा चुके हैं।

रुबियो का सख्त रुख अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वैध व्यापार कर रहे जहाजों को रोकना वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करता है और इससे लागत बढ़ती है। रुबियो ने साफ कहा कि अमेरिका पनामा की संप्रभुता के समर्थन में खड़ा है और किसी भी तरह की "धमकाने वाली" कार्रवाई का विरोध करेगा।

आंकड़े और बढ़ता तनाव रिपोर्ट के अनुसार मार्च में चीन के बंदरगाहों पर 124 जहाजों को रोका गया, जिनमें लगभग 75% पनामा-ध्वज वाले थे। हालांकि चीन ने इन आरोपों से इनकार किया है और इसे नियमित निरीक्षण बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विवाद केवल जहाजों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार मार्गों और प्रभाव क्षेत्र को लेकर बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा है।

## पश्चिम एशिया युद्ध में अब तक 1563 से अधिक लोगों की मौत



**दुबई,** (हि.स.)। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच 28 फरवरी से छिड़े युद्ध में अब तक भारी मानवीय क्षति हुई है। अल जजीरा चैनल ने आज इस संबंध में आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक 02 अप्रैल तक 1563 से अधिक लोग मारे गए हैं। चैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि युद्ध की ज्वाला अगर लंबे समय सुलगती रही तो यह आंकड़े और भयावह होंगे।

**किस देश में कितने लोगों की मौत-**

| | |
|---|---|
| लेबनान : 1,345 लोग मारे गए, 4,040 से घायल। | बहरीनः तीन लोग मारे गए। सऊदी अरबः दो लोग मारे गए। 20 घायल। |
| इजराइल : 28 लोग मारे गए, 3,223 घायल। | कुवैतः छह लोग मारे गए। |
| | ओमानः तीन लोग मारे गए। |
| अमेरिका : 13 लोग मारे गए, 200 घायल। | कतरः 16 लोग घायल। |
| | जॉर्डनः 20 लोग घायल। |
| वेस्ट बैंकः चार लोग मारे गए। यूएईः 12 लोग मारे गए। 169 घायल। | सीरियाः 4 लोग मारे गए। |
| | इराकः 107 लोग मारे गए। |

# अमेरिका के आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटाया गया

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका में रक्षा तंत्र के शीर्ष स्तर पर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने युद्ध के बीच सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को पद छोड़ने और तत्काल सेवानिवृत्ति लेने का निर्देश दिया है।

**अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर भी गिरी गाज:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कार्रवाई के दायरे में कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी आए हैं।



इनमें जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम ग्रीन को उनके पदों से हटाया गया है। इसके अलावा, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन, नेवल ऑपरेशंस की प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रांचेटी और एयर फोर्स के वाइस चीफ जनरल जेम्स स्लाइफ सहित कई शीर्ष अधिकारियों को भी पदमुक्त किया गया है।

**सेना प्रमुख का तत्काल रिटायरमेंट:** पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने पुष्टि की कि जनरल जॉर्ज ने आर्मी के 41वें चीफ ऑफ स्टाफ के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने जॉर्ज की दशकों की सेवा की सराहना करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**जॉर्ज का सैन्य करियर और पृष्ठभूमि:** जनरल जॉर्ज एक अनुभवी इन्फैंट्री अधिकारी रहे हैं और वेस्ट पॉइंट मिलिट्री अकादमी से स्नातक हैं। उन्होंने खाड़ी युद्ध के साथ-साथ इराक और अफगानिस्तान में भी सेवाएं दीं। इससे पहले वह 2021-22 के दौरान रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के वरिष्ठ सैन्य सहायक भी रह चुके हैं।

**नए कार्यवाहक प्रमुख की नियुक्ति:** सेना के मौजूदा वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर लानेव को कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ बनाया गया है। पेंटागन के अनुसार, लानेव अनुभवी और युद्ध में परखे हुए अधिकारी हैं। उन्होंने 82वीं एयरबोर्न डिवीजन का नेतृत्व किया है और उनके पास व्यापक ऑपरेशनल अनुभव है। रक्षा सचिव हेगसेथ ने उन पर पूर्ण भरोसा जताया है कि वे मौजूदा परिस्थितियों में सेना का नेतृत्व प्रभावी ढंग से करेंगे।

# ईरान ने अमेरिका के एफ-35 समेत दो विमानों को मार गिराया

**तेहरान,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में 35 दिनों से जारी संघर्ष के बीच ईरान ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने अपने मध्य हवाई क्षेत्र में अमेरिका के एफ-35 सहित दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। यह दावा ऐसे समय में सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव चरम पर है और दोनों पक्षों के बीच लगातार हमले जारी हैं।

**आईआरजीसी का बड़ा दावा** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के



अनुसार, उसकी आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली ने इन विमानों को निशाना बनाया। आईआरजीसी का कहना है कि हाल के अभियानों में अब तक अमेरिका के कई उन्नत लड़ाकू विमान गिराए जा चुके हैं, जिनमें एफ-35, एफ-16, एफ-18 और एफ-15 शामिल हैं।

**क़ेश्म द्वीप के पास कार्रवाई आईआरजीसी ने बताया** कि क़ेश्म द्वीप के दक्षिण में हवाई सुरक्षा तंत्र ने एक और आधुनिक विमान को निशाना बनाया, जो हेंगम और क़ेश्म द्वीपों के बीच दुर्घटनाग्रस्त होकर फ़ारस की खाड़ी में गिर गया। हमले में विमान पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे पायलट के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

**ट्रंप के बयान के बाद बढ़ा तनाव:** यह घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया था। हालांकि, ईरान के इन दावों पर अभी तक अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे स्थिति और अधिक जटिल बनी हुई है।

# पाकिस्तान में परिवहन मालिकों की चेतावनी- पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से बंद हो जाएंगे कारोबार

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी ने आर्थिक संकट को और गहरा कर दिया है। नई दरों के अनुसार पेट्रोल 458 रुपये और हाई-स्पीड डीजल 520 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। इस वृद्धि ने आम जनता से लेकर उद्योग जगत तक चिंता बढ़ा दी है।

**विपक्ष और संगठनों का कड़ा विरोध:** जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख हाफ़िज नईम-उर-रहमान ने इसे "घोर अन्याय" बताते हुए कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा।




उन्होंने चेतावनी दी कि छात्र, दिहाड़ी मजदूर और डिलीवरी कर्मी इस बोझ को सहन नहीं कर पाएंगे। अन्य राजनीतिक नेताओं और प्रांतीय प्रतिनिधियों ने भी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए हैं।

**परिवहन और व्यापार पर गहराअसर:** ट्रांसपोर्ट संगठनों ने बढ़ती लागत को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पाकिस्तान पब्लिक ट्रांसपोर्ट ओनर्स एसोसिएशन ने संकेत दिया है कि मौजूदा किराए में संचालन संभव नहीं है।

**सरकार ने बताया वैश्विक कारण:** पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज़ मलिक ने कीमतों में इस भारी इजाफे के पीछे मध्य-पूर्व में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में बढ़ती लागत को जिम्मेदार ठहराया है। सरकार का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।

वहीं, माल ढुलाई क्षेत्र ने किराए में 60 प्रतिशत तक वृद्धि की घोषणा की है। पाकिस्तान बिजनेस फोरम ने भी पेट्रोलियम लेवी बढ़ाने के फैसले को गलत बताते हुए तत्काल राहत की मांग की है।

# ईरान ने इजराइल के तेल अवीव और एलात पर मिसाइलों की बौछार की

**तेल अवीव/तेहरान,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव और दक्षिणी शहर एलात पर ताजा हवाई हमले का दावा किया है। आईआरजीसी के अनुसार, इन हमलों में इजराइली सेना और सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**तेल अवीव और एलात पर हमला:** आईआरजीसी ने कहा कि उसने मिसाइलों और ड्रोन के जरिए दोनों शहरों में कई रणनीतिक ठिकानों को



निशाना बनाया। हमले के बाद कई जगहों पर विस्फोट और नुकसान की खबरें सामने आई हैं। हालांकि, इजराइल की ओर से नुकसान के स्तर को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

**इजराइल ने मिसाइल हमले की पुष्टि की:** इजराइली रक्षा बल Israel Defense Forces ने स्वीकार किया कि ईरान की ओर से मिसाइलों की एक नई लहर दागी गई है। आईडीएफ ने बताया कि इन हमलों को विफल करने के लिए उसकी हवाई रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं और कई मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया।

**इराक में अमेरिकी ठिकानों पर हमले:** इस बीच, इराक में सक्रिय सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दाम' और तथाकथित 'इस्लामिक प्रतिरोध' नेटवर्क ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले 24 घंटों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए कई हमले किए। इन समूहों ने क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को चुनौती देने की बात कही है।

**क्षेत्रीय तनाव और बढा**

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में 600 से अधिक स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। वहीं, कुवैत की सेना ने भी मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की पुष्टि की है। इन घटनाओं के बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और गहराता जा रहा है।

## अफवाह फैलाने के आरोप में पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में अब तक 11 नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू,** (हि.स.)। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने के आरोप में पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में अब तक 11 नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यूएई में 3, सऊदी अरब में 4, कतर में 3 और ओमान में 1 नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय के अनुसार युद्ध के दौरान ईरान की ओर से खाड़ी देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जा रहे हैं। इन्हीं हमलों के दौरान लिए गए फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने तथा



गलत अफवाह फैलाने के आरोप में इन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता क्षेत्री ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के मामले में संबंधित देशों में स्थित नेपाली दूतावास और मिशन आवश्यक जानकारी जुटाने और समन्वय करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपों की प्रकृति क्या है और इसके लिए कितनी जुर्माना राशि तय की जाएगी, इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

युद्धग्रस्त पश्चिम एशियाई देशों ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक संदेशों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। इन देशों ने स्पष्ट किया है कि झूठी जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ गिरफ्तारी से लेकर निर्वासन (डिपोर्ट) तक की कार्रवाई की जा सकती है।

# आईपीएल 2026 : पंजाब किंग्स की शानदार उड़ान, सीएसके की हालत खराब




इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में टीम ने लगातार दो मैच जीतकर मजबूत शुरुआत की है। दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके घरेलू मैदान पर 5 विकेट से हराया। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने 210 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया था, लेकिन पंजाब किंग्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 29 गेंदों में 50 रनों की तेज और महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले पंजाब किंग्स ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया था, जिसके चलते टीम के 2 मैचों में 4 अंक हो गए हैं और उनका नेट रन रेट 0.637 तक पहुंच गया है। दूसरी ओर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह सीजन अब तक निराशाजनक रहा है, क्योंकि टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है और वह अंकतालिका में अंतिम स्थान पर पहुंच गई है, जहां उसका नेट रन रेट -2.562 है। अन्य टीमों की स्थिति में राजस्थान रॉयल्स दूसरे स्थान पर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीसरे स्थान पर, जबकि दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं, जिनके खाते में 2-2 अंक हैं। सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर है, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स अभी तक जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : फुटबॉल में छत्तीसगढ़ को रजत पदक

**रायपुर** (हि.स.)। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत आज शुक्रवार को रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम, कोटा में खेले गए पुरुष फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में छत्तीसगढ़ को पराजय का सामना कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार तालमेल, तेज आक्रमण



और मजबूत रक्षा का परिचय दिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए हर पल मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। हॉफ टाइम तक पश्चिम बंगाल की टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए थी। छत्तीसगढ़ की टीम ने लगातार आक्रमण कर गोल उतारने की भरपूर कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार, विभिन्न विभागों तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी और खेलप्रेमी बड़ी संख्या में फाइनल मैच देखने के लिए मैदान में पहुंचे थे।

## अलाना किंग के पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया, सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली,** नऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हराकर सीरीज पर क्लीन स्वीप कर लिया। यह मुकाबला बासेटेरे में गुरुवार (2 अप्रैल) को खेला गया, जहां लेग स्पिनर अलाना किंग के पांच विकेट ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।



**वेस्टइंडीज की अच्छी शुरुआत, फिर पारी बिखरी:** पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 49/1 का मजबूत स्कोर बनाया, लेकिन इसके बाद टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। 19वें ओवर तक स्कोर 78/5 हो गया।

ओपनिंग में 38 रन की साझेदारी के अलावा रीएलियाना ग्रिमोंड और चिनेल हेनरी के बीच 37 रन की साझेदारी ही कुछ हद तक टीम को संभाल सकी। ग्रिमोंड 27वें ओवर में किंग का शिकार बनीं, जिसके बाद पूरी टीम तेजी से सिमट गई।

हेनरी ने 42 रन बनाकर नाबाद पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास समर्थन नहीं मिला और वेस्टइंडीज की पूरी टीम 35.4 ओवर में 136 रन पर ऑलआउट हो गई।

**अलाना किंग की घातक गेंदबाजी:** अलाना किंग ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर 5 विकेट झटके और मैच की सबसे बड़ी नायिका रहीं। उनके अलावा एशले गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया।

**ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत**

137 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत की। टीम ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर मैच पर पकड़ बना ली।

जॉर्जिया वोल ही एकमात्र बल्लेबाज रहीं जो आउट हुईं। इसके बाद फोएबे लिचफील्ड और एलिस पेरी के बीच 87 रन की नाबाद साझेदारी हुई। लिचफील्ड ने 68 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि पेरी 33 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**संक्षिप्त स्कोर**

वेस्टइंडीज: 136 ऑलआउट (35.4 ओवर)।
चिनेल हेनरी 42, हेली मैथ्यूज 34
अलाना किंग 5/19, एशले गार्डनर 2/29।
ऑस्ट्रेलिया: 137/1 (19.4 ओवर)
फोएबे लिचफील्ड 68 एलिस पेरी 33, अश्मिनी मुनीसर 1/35।
ऑस्ट्रेलिया ने मैच 9 विकेट से जीता।

## चार्ल्सटन ओपन : जेसिका पेगुला ने एलिसाबेट्टा कोच्चियारेटो से लिया बदला, क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अमेरिका की शीर्ष वरीय और गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने शानदार जुझारूपन का परिचय देते हुए एलिसाबेट्टा कोच्चियारेटो को हराकर चार्ल्सटन ओपन 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। पेगुला ने यह रोमांचक मुकाबला 1-6, 6-1, 7-6 (7/1) से अपने नाम किया। मैच में उन्हें जीत के लिए निर्णायक सेट के टाईब्रेक तक कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मुकाबले की शुरुआत पेगुला के लिए निराशाजनक रही। कोच्चियारेटो ने पहले सेट में आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें पूरी तरह दबाव में रखा। इस दौरान पेगुला की सर्विस कमजोर रही और वह फर्स्ट सर्विस पॉइंट्स का लाभ नहीं उठा सकीं। लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अपनी लय हासिल की और मैच को 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पेगुला एक समय 1-4 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने धैर्य और अनुभव का परिचय देते हुए लगातार गेम जीतकर स्कोर 4-4 कर लिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंच गया। टाईब्रेक में पेगुला ने बेहतरीन खेल दिखाया और आसानी से जीत दर्ज कर ली।

यह जीत पेगुला के लिए खास रही, क्योंकि पिछले साल विंबलडन में कोच्चियारेटो ने उन्हें हराकर उलटफेर किया था।

क्वार्टरफाइनल में अब पेगुला का सामना रूस की डायना श्नाइडर से होगा, जिन्होंने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 6-3, 6-0 से हराया।

अन्य मुकाबलों में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने सारा बेजलेक को 7-6 (7/4), 6-2 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की मैडिसन कीज से होगा, जिन्होंने अन्ना बोंडार को 6-2, 7-5 से पराजित किया।

## जेम्स रोड्रिगेज अस्पताल में भर्ती, फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले कोलंबिया को बड़ा झटका

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।कोलंबिया के कप्तान जेम्स रोड्रिगेज को फीफा वर्ल्ड कप 2026 से कुछ महीने पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिससे उनके खेलने को लेकर उनके प्रसंशको के बीच चिंता बढ़ गई है। रोड्रिगेज ने हाल ही में कोलंबिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए फ्रांस राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाफ खेले गए एक फ्रेंडली मैच में हिस्सा लिया था। इस मुकाबले में कोलंबिया को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और रोड्रिगेज ने करीब एक घंटे तक मैदान पर समय बिताया। मैच के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। कोलंबिया फुटबॉल संघ ने बयान जारी कर बताया, "फ्रांस के खिलाफ मैच के अगले दिन खिलाड़ी को गंभीर डिहाइड्रेशन की समस्या हुई, जिसके कारण पिछले 72 घंटों से उन्हें अस्पताल में रखकर निगरानी और रिकवरी कराई जा रही है।"

**क्या वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो सकते हैं रोड्रिगेज?**

फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर खतरा है। संघ ने साफ किया है कि यह समस्या खेल से जुड़ी नहीं है।संघ के अनुसार, "मिनेसोटा के एक मेडिकल सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार मिडफील्डर एक गैर-खेल संबंधी मेडिकल स्थिति के चलते डॉक्टरों की निगरानी में हैं। यह स्थिति न तो मांसपेशियों से जुड़ी है और न ही उनके फुटबॉल करियर से।"

**टीम के लिए कितने अहम हैं जेम्स रोड्रिगेज;** जेम्स रोड्रिगेज कोलंबिया के सबसे अनुभवी और प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2014 में गोल्डन बूट जीतकर दुनियाभर में पहचान बनाई थी। अब तक वह कोलंबिया के लिए 31 गोल और 41 असिस्ट कर चुके हैं और 2024 में टीम को कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।



फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है और उम्मीद है कि वह जल्द ही मैदान पर वापसी करेंगे।

## आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा, "हम यहां दबदबा बनाने आए हैं"

**बेंगलुरु,** (हि.स.)। जितेश शर्मा ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य सिर्फ एक बार खिताब जीतना नहीं, बल्कि लंबे समय तक अपना दबदबा कायम रखना है। आरसीबी पॉडकास्ट में उन्होंने पिछले सीजन की ऐतिहासिक जीत को नई शुरुआत बताया।

जितेश ने कहा कि आरसीबी के लिए पहला खिताब जीतना उनके करियर का सबसे खास और जादुई पल था। उन्होंने खुशी जताई कि उस जीत में उनका अहम योगदान रहा।



निजी जीवन पर बात करते हुए उन्होंने पिता के निधन को बड़ा आघात बताया, लेकिन कहा कि वही भावना उन्हें आगे बढ़ने की ताकत देती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दिनेश कार्तिक को देते हुए कहा कि उनसे उन्हें तकनीकी और मानसिक मजबूती मिली। अब वह खुद को केवल विकेटकीपर नहीं, बल्कि फिनिशर के रूप में भी देखते हैं।भारतीय टीम में वापसी को उन्होंने अपना सबसे बड़ा लक्ष्य बताते हुए कहा कि वह हर मौके के लिए पूरी तरह तैयार हैं और टीम के लिए हर भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध हैं।

## अभिषेक शर्मा पर लगा जुर्माना, ऑन-फील्ड रिएक्शन पड़ा भारी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के उपकप्तान अभिषेक शर्मा को ऑन-फील्ड व्यवहार के चलते जुर्माना झेलना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में उन्हें कैच आउट दिया गया, जिसे वरुण चक्रवर्ती ने लपका था। थर्ड अंपायर ने फैसले को सही ठहराया, लेकिन अभिषेक ने कुछ देर क्रीज पर खड़े रहकर नाराजगी जताई। इस व्यवहार को आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए



बीसीसीआई ने उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया। यह कार्रवाई लेवल-1 उल्लंघन के तहत की गई, जिसमें मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। हालांकि, अभिषेक का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 21 गेंदों में 48 रन बनाए और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। टीम ने 226/8 का स्कोर बनाया, जिसमें हेनरिक क्लासेन (52) और नितीश कुमार रेड्डी (39) का योगदान रहा। जवाब में केकेआर 161 रन पर सिमट गई और हैदराबाद ने 65 रन से जीत दर्ज की।